



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 83 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 23 दिसम्बर 2023 डाक 24 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए


**विविधा**

शीतकालीन सत्र के दौरान संसद से विपक्षी सांसदों केनिलंबन के खिलाफ अमृतसर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**

303 भारतीयों वाला चार्टर्ड विमान फ्रांस ने रोका, मानव तस्करी का अंदेशा



**खुला-पन्ना**

सर्दियों में हर दिन खाएंगे दही तो शरीर पर होगा कुछ ऐसा असर!



## अखनूर में सेना को बड़ी कामयाबी, गोलीबारी में घुसपैठिया ढेर, साथी की लाश को खींचकर ले गए आतंकी

**जम्मू, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू कश्मीर के अखनूर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। आईबी सेक्टर में चार आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की, जिसे सेना के बहादुर जवानों ने नाकाम कर दिया है। 22 से 23 दिसंबर की रात को तीन से चार आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। जिसे सीमा पर तैनात सेना के जवानों ने अपने सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से देखा। दोनों ओर से गोलीबारी शुरु हुई। जिसमें एक आतंकी मारा गया। बाद में बचे हुए आतंकी सेना की गोली से मरे हुए आतंकी को आईबी के पार वापस खींच कर लेकर गए। इस घुसपैठ को लेकर के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि व्हाइट नाइट कॉर्प्स ट्वीट खौर,



अखनूर के आईबी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। 22-23 दिसंबर की रात को अपने निगरानी उपकरणों के माध्यम से चार आतंकवादियों की एक संदिग्ध गतिविधि देखी गई थी। प्रभावी ढंग से गोलीबारी की गई। आतंकवादियों को एक शव को आईबी के पार वापस खींचते देखा गया।

### नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में तेजस्वी यादव को राहत, विदेश यात्रा की मिली इजाजत

*__पटना।__ बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। दरअसल, उनकी विदेश यात्रा करने की याचिका स्वीकार कर ली गई। ऐसे में वह अब अगले साल छह से 18 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कर सकेंगे। अक्तूबर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू यादव, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और राजद सांसद मीसा भारती को राहत मिली है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में चारों को जमानत दे दी थी।*

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नईदिल्ली, 23 दिसम्बर।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी 121वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। चौधरी चरण सिंह. किसान संघर्ष के साथी और पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय चौधरी चरण सिंह जी को उनकी 121वीं जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। खड़गे ने कहा, किसान ही भारत हैं। देश के सभी किसानों को सादर प्रणाम। सभी किसान बहनों, भाइयों और खेतिहर मजदूरों को किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

### असम में बड़े पैमाने पर कारतूस बरामद ऑफिस में आग से एक की मौत

**नई दिल्ली।** असम में पुलिस ने दो लोगों के पास से बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की पूछताछ कर रही है। खबर के अनुसार, असम पुलिस ने राज्य के कार्बी आंगलोंग जिले के बोकाजन इलाके में दो लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास से पुलिस को एके सीरीज की राइफलों के 150 कारतूस और छह मैगजीन समेत अन्य आइटम बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जांच शुरू कर दी है। केरल के एर्नाकुलम में ऑफिस में लगी आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

## कोरोना का बढ़ता खतरा, बीते 24 घंटे में कोरोना के 752 नए मरीज मिले, चार की मौत



**नईदिल्ली, 23 दिसम्बर।**

देश में कोरोना धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 752 नए मामले सामने आए हैं। साथ ही कोरोना के चार मरीजों की मौत हुई है। 21 मई के बाद यह एक दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3420 हो गई है। कोरोना संक्रमण एक बार फिर दुनिया को डरा रहा है। कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि बीते एक महीने में दुनियाभर में कोरोना संक्रमण के मामले 52 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। डब्लूएचओ ने बताया कि बीते महीने में दुनियाभर में कोरोना के कुल 8,50,000 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि मरने वालों के आंकड़ों में बीते एक महीने में 8 फीसदी की कमी आई है।

## वैष्णो देवी में पिटते-पिटते बचे एल्विश यादव, दोस्त को छोड़ भाग गए बिग बॉस ओटीटी 2 विनर



**कटरा, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जाने-माने यूट्यूबर एल्विश यादव के साथ एक बुरी घटना हो गई। बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विनर एल्विश यादव हाल ही में अपने दोस्त राघव शर्मा के साथ जम्मू-कश्मीर स्थित वैष्णो देवी मंदिर गए थे। इस दौरान वह भीड़ से घिर गए और झड़प हो गई। दरअसल, कटरा में एल्विश यादव और राघव शर्मा को भीड़ ने घेर लिया। एक शख्स ने राघव शर्मा का कॉलर पकड़ लिया और दोनों के बीच झड़प हो गई। एल्विश भी मारपीट का शिकार होते-होते बचे। हालांकि, समय रहते तुरंत वहां से निकाल दिया गया। सोशल मीडिया पर एल्विश यादव का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। क्लिप में देखा जा सकता है कि एक शख्स ने राघव को घसीट लिया और उनके साथ मारपीट करने लगा। इतने में एल्विश वहां से भाग गए। शख्स, राघव का कॉलर पकड़कर उन्हें मारने की कोशिश करने लगा।

### खरगोन से गुजरात जा रही बस बड़वानी में पलटी, 15 मजदूर घायल



**बड़वानी।** खरगोन से मजदूरों को लिए गुजरात जा रही निजी यात्री बस (वंश ट्रेवल्स) आज खंडवा बड़ोदा मार्ग बड़वानी बाईपास पर कल देर रात पलट गई। जिसमें करीब 15 लोग घायल हो गए हैं। बस में सवार यात्रियों के अनुसार उसमें क्षमता से ज्यादा सवारी भरी हुई थी। सीएम डा मोहन यादव ने भी कलेक्टर से बात कर घटना की जानकारी ली और घायलों के इलाज के लिए निर्देश दिए। हादसे की सूचना के तत्काल बाद बड़वानी पुलिस मौके पर जा पहुंची, लेकिन बस चालक मौके से फरार हो गया था। यात्रियों के अनुसार बस में क्षमता से अधिक सवारी भरी हुई थी और ड्राइवर शराब के नशे में था। सभी लोग गुजरात मजदूरी के लिए जा रहे थे। घटना के बाद एंबुलेंस घटना स्थल पहुंची, जिसमें घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

## भारी बारिश से तबाह इलाकों में वायुसेना पहुंचा रही राहत सामग्री, एमआई-17 वी5 और एएलएच ध्रुव लगे काम में



**चेन्नई, 23 दिसम्बर।**

तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण आम जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश के कारण भारतीय वायुसेना बचाव अभियान चला रही है। एमआई-17 वी5 और एएलएच-ध्रुव की मदद से बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारतीय वायुसेना राहत सामग्री पहुंचा रही है।

भारतीय वायुसेना के दक्षिणी वायु कमान के अनुसार, एमआई-17 वी5 और एएलएच-ध्रुव ने बारिश से तबाह थूथकुडी जिले में 12 अलग-अलग स्थानों पर 11 टन से अधिक राहत सामग्री पहुंचाई।

अब तक प्रभावित इलाकों में 59 टन राहत सामग्री हवाई मार्ग से पहुंचाई जा चुकी है। इससे पहले राज्य के सीएम एमके स्टालिन कह चुके है कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## शिक्षा संस्थानों को तो गंदी राजनीति से बख्श दो हिजाब से प्रतिबंध हटाने पर कांग्रेस पर बरसी भाजपा



**बेंगलुरू, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कर्नाटक में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर लगे प्रतिबंध को कांग्रेस सरकार ने हटा दिया है। कांग्रेस के इस फैसले के बाद से भाजपा सीएम सिद्धारमैया पर हमलावर है। कक्षाओं में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध हटाने के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि इससे शैक्षिक स्थानों की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति को नुकसान पहुंचेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रही है। शिकारीपुरा विधायक ने कहा, शैक्षिक संस्थानों में हिजाब प्रतिबंध को वापस लेने का सीएम सिद्धारमैया का फैसला हमारे शैक्षिक स्थानों की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के बारे में चिंता पैदा करता है। शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक पोशाक की अनुमति देकर सिद्धारमैया सरकार युवा दिमागों को धार्मिक आधार पर विभाजित करने को बढ़ावा दे रही है, जो संभावित रूप से समावेशी सीखने के माहौल में बाधा डाल रही है। कम से कम शिक्षा संस्थानों को गंदी राजनीति से तो बचाएं। अल्पसंख्यक या मुस्लिम समुदाय के किसी भी बच्चे ने हिजाब की मांग नहीं की है। भाजपा के राज्य प्रमुख ने कहा कि विभाजनकारी प्रथाओं पर शिक्षा को प्राथमिकता देना और ऐसे माहौल को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है, जहां छात्र धार्मिक प्रथाओं के प्रभाव के बिना शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर सकें। भाजपा नेता ने कहा कि यह केवल तुष्टिकरण की राजनीति है और यह पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी द्वारा अपनाई गई फूट डालो और राज करो की प्रथा है। हम इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं।

### दिल्ली-यूपी में शीतलहर से और बढ़ेगी ठंड, यहां बारिश का अलर्ट



***नईदिल्ली, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।***

*पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर लगातार जारी है, जिसके चलते मैदानों में ठंड बढ़ने लगी है। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में शीतलहर देखने को मिल रही है। दिल्ली, यूपी और बिहार समेत कई राज्यों में घना कोहरा छाने लगा है। यूपी में कई दिनों से ठंड में इजाफा देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तापमान में तो इजाफा होगा, लेकिन सुबह और रात में कई इलाकों में शीतलहर चलने से ठंड बढ़ सकती है। उत्तराखंड में अब बर्फबारी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून में आंशिक बादल छाये रहने और कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की उम्मीद है। मौसम बदलने से तापमान में मामूली इजाफा हुआ है, लेकिन वर्षा-बर्फबारी के बाद पहाड़ से मैदान तक सर्दी का सितम बढ़ सकता है।*

### खालिस्तान समर्थकों ने फिर बनाया हिंदू मंदिर को निशाना, तोड़फोड़ के बाद दीवारों पर लिखे भारत-विरोधी नारे




**वॉशिंगटन, 23 दिसम्बर।**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्थित नेवार्क में खालिस्तानी कट्टरपंथियों की एक और शर्मनाक हरकत सामने आई है। यहां कुछ शरारती तत्वों ने एक मंदिर में तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं इन लोगों ने मंदिर की दीवारों पर भारत-विरोधी नारे लिख दिए। इस घटना का कैलिफोर्निया पुलिस ने संज्ञान लिया है और मामले में जांच बिठा दी है। बताया गया है कि जिस मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया है, वह वॉशिंगटन डीसी से 100 किमी दूर स्थित है। हिंदू अमेरिकी फाउंडेशन की तरफ से सोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि इस मंदिर की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे हैं। इतना ही नहीं मंदिर के बोर्ड पर भी भारत-विरोधी चित्रकारी की गई है। हिंदू-अमेरिकी संस्थान ने इस घटना की हेट क्राइम (नफरती अपराध) के तौर पर जांच की मांग की है। गौरतलब है कि उत्तरी अमेरिका और कनाडा में सक्रिय कुछ खालिस्तान समर्थक संगठन लगातार हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं।

## पहलवानों पर भड़के बृजभूषण शरण सिंह, दे दिया ये बयान

**लखनऊ, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह की जीत के बाद पहलवानों ने निराशा जाहिर करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसके बाद बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली रियो ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से सन्यास लेने का ऐलान कर दिया। वहीं बजरंग पूनिया अपना पद्म पुरस्कार प्रधानमंत्री आवास के बाहर फुटपाथ पर छोड़कर चले गए. अब पहलवानों के विरोध को लेकर बृजभूषण शरण सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

बृजभूषण सिंह ने कहा, 'कांग्रेस के गोद में बैठे इन पहलवानों के साथ देश का एक भी पहलवान नहीं अब उनके विरोध पर क्या मैं फांसी पर लटक जाऊं। देखिए कुश्ती को एक ग्रहण लगा था। 11 महीने और तीन दिनों तक यह ग्रहण रहा। चुनाव हुआ और पुरानी फेडरेशन के समर्थित प्रत्याशी यानि हमारे समर्थित प्रत्याशी संजय सिंह उर्फ बबलू को जीत मिली है। जीत भी 40 और 7 के अंतर से हुई जो कुश्ती का काम है उसको अब आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है।'

साक्षी के सन्यास लेने के फैसले पर बृजभूषण सिंह ने कहा, 'पहलवान अगर अभी विरोध कर रहे हैं या साक्षी ने अलविदा कह दिया है कुश्ती को तो इसमें मैं क्या कर सकता हूं, इसमें हम क्या उनकी मदद करें आप बताइए! यह पहलवान जो 12 महीने से हमें गाली देने का काम कर रहे हैं और आज भी गाली दे रहे हैं उनको गाली देने का हक किसने दिया है। आज वह चुनाव पर सवाल खड़ा कर रहे हैं, सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं कांग्रेस के गोद में जाकर बैठे हैं, आज देश का कोई भी रेसलर उनके साथ नहीं है उनकी क्या मदद करें क्या हम फांसी पर लटक जाए।'

## बांकेबिहारी दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़, श्रद्धालुओं ने फांदी छह फीट ऊंची रेलिंग

**वृंदावन, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**



बीत रहे वर्ष की विदाई और नए वर्ष के स्वागत के लिए ठाकुर बांकेबिहारी की नगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। धक्का-मुक्की कर श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। छह फीट से ऊंची रेलिंग फांदी। बांकेबिहारी मंदिर के लिए वन वे रूट के साथ ही श्रद्धालुओं के आगमन को बाजार में रेलिंग लगा दी गई हैं। जगह-जगह बैरियर पर पहले ही श्रद्धालु रोके जा रहे हैं। शनिवार से भीड़ और उमड़ेगी, ऐसे में वृंदावन में पैदल चलना भी मुश्किल होगा। सुबह पौने नौ बजे मंदिर के पट खुले।

इससे पहले ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर के आसपास पहुंच गए थे। बाहर गलियों में पैर रखने की भी जगह नहीं बची। दोपहर एक बजे मंदिर के पट बंद हुए, तब तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु आराध्य के दर्शन से वंचित रह गए। शाम को साढ़े चार बजे पट खुले तो फिर वही हालात बन गए। साढ़े आठ बजे पट बंद होने तक श्रद्धालुओं के बीच खूब धक्का-मुक्की हुई। आज शनिवार से और भीड़ बढ़ने के कारण प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंदिर आने वाले रास्तों पर लोहे की रेलिंग लगा दी गई है।

बैरियर पर पहले ही श्रद्धालुओं को रोका जा रहा है। श्रद्धालु बढ़ने के कारण होटल और गेस्ट हाउस पूरी तरह फुल हो चुके हैं। कहीं होटलों में यदि कमरे खाली हैं तो वह कई गुणा शुल्क वसूला जा रहा है। इस बार वर्ष के अंत में श्रद्धालु सबसे अधिक आने की संभावना को देखते हुए बाजार भी तैयार है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के आसपास के इलाकों में रह रहे लोगों को शनिवार के बाद से भीड़ के चलते मंदिर खुलने के समय घरों में कैद होकर रह जाएंगे। गलियों में पैर रखने की भी जगह नहीं बची है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## चौकीदार को टायलेट में बंदकर बाल सुधार गृह से फरार हुए तीन अपचारी बालक, साल भर में तीसरी घटना



**दंतेवाड़ा, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक बार फिर बाल सुधार गृह से तीन अपचारी बालक फरार होने में कामयाब हो गए। एक साल में बाल सुधार गृह से अपचारी बालकों के भागने की यह तीसरी घटना है, जो महिला बाल विकास पर सवालिया निशान खड़े कर रही है। आखिर बाल सुधार गृह से बच्चे क्यों बार-बार फरार हो रहे हैं। कहीं बच्चों को बाल सुधार गृह में प्रताड़ित तो नहीं किया जा रहा है ये बड़ा सवाल अब खड़ा हो गया है। पहले नौ फिर सात अब तीन अपचारी बालक भागने में कामयाब हुए हैं। पहले फरार हुए बालकों में एक-दो की ही वापसी हो पाई है। पूर्व में भागे हुए बालको में कई नक्सल मामलों में भी शामिल बालक थे जिनको सुधार गृह में रखा गया था। इस बार फरार हुए बालक खिड़की से भागने में कामयाब हुए हैं। एक चौकीदार को टायलेट में व एक को रूम में बंद कर ये बालक भागने में कामयाब रहे।

बार-बार हो रही घटनाओं से बाल सुधार गृह की सुरक्षा पर भी अब सवाल खड़े होने लगे हैं। दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिला है। बाल सुधार गृह में बाल संघम में रह रहे हैं, कभी भी यहां महिला बाल विकास की लापरवाही से बड़ी घटना हो सकती है।

# 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का अगले माह होगा आयोजन

## 20 राज्यों के दो हजार प्रतिभागी एवं अधिकारी होंगे सम्मिलित

**कोरबा।** जिले में 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 28 जनवरी से 01 फरवरी 2024 तक प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी स्टेडियम टीपी नगर और सीएसईबी पूर्व फुटबाल मैदान में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में 20 राज्यों के लगभग दो हजार प्रतिभागी एवं कोच, मैनेजर, रेफरी आदि सम्मिलित होंगे। पांच दिवसीय इस आयोजन में 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं बेस बाल खेलेंगे।

स्कूल शिक्षण विभाग एवं राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति अन्तर्गत होने वाले इस प्रतियोगिता की तैयारियों और आवासीय, परिवहन, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा आदि व्यवस्था को लेकर आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने आयोजन की रूपरेखा और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों, सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में राष्ट्रीय स्तर के शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होना गर्व की बात है। इसकी तैयारियों एवं व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे इसके लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।





बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी.भारद्वाज ने राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन तथा समापन प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी स्टेडियम टीपी नगर और सीएसईबी पूर्व फुटबाल मैदान में किया जायेगा। प्रतियोगिता में बेस बाल खेले जायेंगे। इसके लिए नियंत्रण कक्ष विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-एक और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा टीपी नगर को बनाया गया है। प्रतियोगिता में 720 बालक एवं 720 बालिकाएं कुल 1440 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त लगभग 560 विभिन्न राज्यों से कोच, मैनेजर, रेफरी, आफिसियल स्टाफ भी आयेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बालक-बालिका हेतु अलग-अलग आवास व्यवस्था, खेल के आयोजन हेतु मैदान निर्माण व्यवस्था सहित चिकित्सा, सुरक्षा, पेयजल एवं साफ-सफाई, परिवहन, पुरस्कार, खेल सामग्री, मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्युत व्यवस्था आदि पर बैठक में चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने आयोजन को गंभीरता से लेने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखते हुए सफल आयोजन में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने आवास, भोजन तथा खिलाड़ियों को खेल मैदान तक पहुंचाने परिवहन की व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिये। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, खेल अधिकारी, परिवहन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों के अधिकारी उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिली योजनाओं की जानकारी



### योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में लोग पहुंचे

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आज विकासखंड कोरबा के ग्राम मदनपुर एवं बरपाली, विकासखंड कटघोरा के ग्राम भिलाईबाजार एवं केसला, पोडी उपरोडा ब्लॉक के बिंझरा एवं रिंगनिया, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोगीपाली और रामपुर, विकासखंड पाली के ग्राम मानिकपुर और मांगामार में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 बालको और वार्ड क्रमांक 06 पुराना बस स्टैण्ड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर स्थल पर मोदी की गारंटी प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के वाहन के पहुचने पर ग्रामीण द्वारा स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। शिविर में उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए जा रहे हैं। शिविर स्थल पर सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोरबा।** समग्र शिक्षा अंतर्गत जिला कोरबा में दिव्यांग बच्चों का खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अंधरीकछार आत्मानंद स्कूल प्रांगण में कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार तथा सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसमे मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज कुमार पाण्डेय, एडीपीओ के जी.पी. भारद्वाज तथा विभिन्न दिव्यांग स्कूलों के शिक्षक, बच्चे तथा पालक उपस्थित रहें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री भारद्वाज ने कहा कि दिव्यांग बच्चे अपने आप को कमजोर न समझें वे अपनी प्रतिभा को हर क्षेत्र में साबित कर सकते हैं। आज खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने जो प्रस्तुती दी है वह सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

# इंदिरा नगर में भागवत कथा से पहले कलश यात्रा

### वरूण पूजन के बाद कथा का शुभारंभ

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के इंदिरा नगर टावर मोहल्ले में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।



राठौर परिवार के तत्वाधान में आयोजित भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक पंडित कौशलमणि तिवारी ने कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है तब ऐसा अनुष्ठान होता है। भागवत कथा श्रवण मात्र जीवन के सारे पाप मिट जाते हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। श्रीमद् भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। श्रीमद् भागवत महापुराण वेदों का सार है, जब ज्ञान वैराग्य की मूर्छा दूर करने के लिए ऋषियों ने देवर्षि नारद से कहा किआप ज्ञान और वैराग्य को जगाने के लिए उन्हें श्रीमद् भागवत महापुराण सुनाएं। नारद ने कहा कि ऋषिवर मैंने उन्हें सारे वेद और उपनिषद सुना दिए हैं। जब वेदों व उपनिषदों से कोई फायदा नहीं हुआ तो भागवत पुराण से क्या फायदा होगा। ऋषियों ने कहा कि भागवत महापुराण सभी ग्रंथों का सार है, जो फायदा सार शिक्षा से होता है वह पूरी कहानी पढ़ने से नहीं होता है। यह ज्ञानियों का चिंतन, संतो का मनन, भक्तों का वंदन तथा भारत की धड़कन है। किसी का सौभाग्य जब शिखर पर होता है तब उसे श्रीमद् भागवत पढ़ने, कहने व सुनने को मिलती है। पंडित तिवारी ने कहा कि भागवत अमृत की भांति है, इसके सुनने से मनुष्य भवसागर में तर जाता जाता है। परमात्मा का नाम नहीं ले तो वह जीवन में पशु के समान है। उन्होंने कहा कि कण-कण में भगवान हैं। आप जिस रूप में भगवान को याद करें वही रूप भगवान का है। जरूरी नहीं है कि आप स्मरण करने के लिए मंदिर जाएं। जरूरी है कि भगवान का स्मरण करने के लिए मन मंदिर को सजाएं और उनकी भक्ति करें। इससे जीवन के सारे दुख और संकट को सहने की शक्ति आपको मिलेगी। राठौड़ निवास में यह कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से देर शाम तक चल रही है। इसका समापन 28 दिसंबर को सहस्त्रधारा, हवन पूर्णाहुति के साथ होगा।

## कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**कोरबा।** समग्र शिक्षा जिला कोरबा अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक सौरभ कुमार तथा सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्याहीमुड़ी में जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा अनुपयोगी सामग्रियों से उपयोगी वस्तुएं बनाकर अपनी प्रतिभा को साबित किया। सभी विकासखण्डों से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने जिला स्तर में भाग लिया। उक्त जानकारी जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज पाण्डेय ने दी। कबाड़ से जुगाड़ में 5 विकास खण्डों से प्रति विकास खण्ड 3 प्रतिभागियों में भाग लिया जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत किया गया,जिसमे सम्बंधित स्कूलों के शिक्षक बच्चे तथा एपीसी समग्र शिक्षा उपस्थित रहे।

## भिलाई बाजार में श्रीमद भागवत कथा 24 से



**भिलाईबाजार।** ग्राम पंचायत भिलाई बाजार सर्व समिति तिलाहा भाटा के तत्वाधान में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 24 दिसंबर से आयोजित की जाएगी। शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 25 को शुकदेव प्राकट्य, महाभारत प्रसंग, परीक्षित जन्म, शुकदेव पूजन, 26 को सृष्टि वर्णन, कपिल उपाख्यान, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, 27 गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, श्रीराम -कृष्ण प्राकट्य उत्सव, 28 को बाल लीला, माटी खावन लीला, गिरिराज पूजन, 56 भोग, 29 को महारास प्रसंग, मथुरा गमन, रूखमणी मंगल विवाह, 30 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम एवं चढ़ोत्री, 31 को तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, महाआरती, ब्राह्मण भोज के साथ कथा का समापन होगा। कथा वाचक भागवताचार्य पंडित प्रणव महराज ग्राम बाहनपाठ वाले होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन से शाम 7 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# हसदेव क्षेत्र ने एथलेटिक्स स्पर्धा में प्राप्त की विजय

**कोरबा।** गेवरा स्टेडियम में दो दिवसीय इंटर एरिया एथलेटिक्स का आयोजन किया गया। इसका समापन गुरुवार को हुआ। पुरस्कार एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक देवाशीष आचार्य थे कार्यक्रम की अध्यक्षता गेवरा के महाप्रबंधक एसके मोहंती ने किया।



मुख्य अतिथि आचार्य ने कहा कि कोयला उत्पादन के मामले में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक कंपनी हमारे देश में है जो देश की ऊर्जा जरूरत को पूरा करती है। कोयला उत्पादन के साथ-साथ खेलकूद में भी अपनी अहम भूमिका जिम्मेदारी निभा रही है। गेवरा एरिया के महाप्रबंधक एसके मोहंती ने कहा कि एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एसईसीएल की कुल 15 एरिया की टीमों ने हिस्सा लिया इसमें हसदेव एरिया फ्लाइट टेबल में 75 अंकों से विनर रही वहीं कुसमुंडा एरिया 58 पॉइंट लेकर दूसरे स्थान पर काबिज हुई। अन्य टीम जिसमें बैकुंठपुर, भटगांव, कुसमुंडा, गेवरा, चिरमिरी, कोरबा, हसदेव, जमुना कोतमा, जोहिला, रायगढ़, बिलासपुर हेड क्वार्टर और सुहागपुर एरिया के टीम शामिल हुई। साथ में संयुक्त ट्रेड यूनियन के जीसीसी मेंबर भी उपस्थित थे

## याद किये गए गणितज्ञ रामानुजन



**कोरबा।** देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा में मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी महाबीर प्रसाद चंद्रा की अगुवाई में रामानुजन के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित व पूजन अर्चन कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणित के छात्र प्रकाश गीर ने उनके संघर्षमय जीवन एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। शाला नायक अनुज कुमार ने उनका जीवन परिचय बताया। गणित के व्याख्याता वीर सिंह कंवर ने गणित के प्रति छात्र-छात्राओं में जो डर है, उसे दूर किया। इस अवसर पर व्याख्याता पीके वैष्णव, गुड्डी खूंटे, प्रतिभा दिवाकर, राजमणि खलखो, उमेश मैत्री कमलेश सहित छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# सांसदों के निलंबन से नाराज कांग्रेस ने दिया धरना

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से टीपी नगर चौक कोरबा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर इंडिया गठबंधन के 146 सांसदों के निलंबन के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने केन्द्र सरकार पर जमकर निशाना साधा महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि जब संसद भवन में सांसद सुरक्षित नहीं है। तो देश भर में सुरक्षा की उम्मीद कैसे किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि संसद भवन में विपक्ष को सवाल पूछने नहीं दिया जाता अगर मौका मिल भी जाता है तो सवाल पूछने के बदलें उन सांसदों को निलंबित कर दिया जाता है। सभापति श्यामसुंदर सोनी ने केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार को लगता है कि सांसदों को निलंबित करके कांग्रेस पदाधिकारियों को डरा देंगे लेकिन कांग्रेस संगठन ऐसे कार्यवाही से डरने वाले नहीं है। हमने देश की आजादी के लिए लम्बे समय से लड़ाई लड़ी है। इतिहास गवाह है हम देश की आजादी, देश की सुरक्षा, देश के संविधान के लिए हर दम तैयार रहते है।

जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि आज भारत का प्रजातंत्र खतरे में है। ऐसे में हम चुप नहीं रहेंगे हम आखिरी सांस तक देश के लिए लडेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर एवं दुष्यंत शर्मा ने कहा कि सांसद से 146 सांसदों को बाहर क्यों किया गया इस पर किसी ने सवाल नहीं उठाया लेकिन राहुल गांधी ने बाहर किये गये सांसदों के बातचीत को रिकॉर्ड किया उसे सत्ता पक्ष मुद्दा बनाकर अपनी गलती को छिपाने का असफल प्रयास कर लोगों को गुमराह करने पर लगी हैं।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, पार्षद बसंत चन्द्रा, पालूराम साहू, सुख सागर निर्मलकर, रवि चंदेल, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, महेन्द्र सिंह चौहान, सीताराम चौहान, रामगोपाल यादव, देवी दयाल सोनी, श्यामा रामायण दास महंत, विकास सिंह, गिरधारी बरेठ, प्रदीप पुरायणे, राकेश पंकज, गीता गभेल, बच्चू मखवानी, सनंद दास दीवान, अभिनय तिवारी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अवधेश सिंह, बद्री नाथ किरण, गजानंद प्रसाद साहू, पंचराम आदित्य, शशी अग्रवाल, देवीदयाल तिवारी, वेद मित्तल, फुलदास महंत, सीमा उपाध्याय, गौरी चौहान, मनीषा अग्रवाल, पुष्पा पात्रे, माधुरी ध्रुव, नफीसा हुसैन, लक्ष्मी महंत, हमीदुन, त्रिवेणी मिरी, द्रोपदी तिवारी, वेदमति डहरिया, शालू पनरिया, पुष्पा यादव, मधु सिंह, ममता अग्रवाल, एफ डी मानिकपुरी, अमरूदास महंत, रामायण दास दीवान, कुंज बिहारी साहू, संजू अग्रवाल, अशोक नांरगे, संतोष यादव, लक्ष्मण लहरे, विजय धीवर, श्रीराम साहू, सुभाष राठौर, लखन लाल सहीस, प्राची दुबे, प्रेमलाल साहू, अमित सिंह, निशांत सिंह, अंकित राठौर, घनश्याम चौहान, विक्रम पाल, बृजभूषण प्रसाद, पवन विश्वकर्मा, शकिल अहमद, नारायण लाल कुर्रे, विवेक श्रीवास, अमित चौहान, मधुर दास, कमलेश गर्ग, घनश्याम चौाहन, जीवन चौहान, अशोक कुमार, सुनील निर्मलकर, युवराज कुमार, संतोष कुमार यादव, अशोक नारंगे, दीवान दास, मनहरण यादव, महेन्द्र लाल साहू, बनवारी लाल पाहुजा, राकेश मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

## व्यवसायियों की मनमानी से बढ़ी परेशानी

**कोरबा।** ओवरब्रिज के नीचे बीच सड़क पर कुछ कारोबारियों द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए सामानों की प्रदर्शनी लगा दी गई है। इससे दोपहिया, चारपहिया सहित अन्य वाहन चालकों को आवाजाही में असुविधा हो रही है। समीप ही रेलवे फाटक है। हर 15 मिनट में फाटक बंद होती है। इससे बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### इंटक कार्यालय में शोकसभा

**कोरबा।** पिछले दिनों दीपका के श्रमिक नेता शिवशंकर शुक्ला के पिता का निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। इंटक कार्यकर्ताओं द्वारा अलग-अलग शोकसभा आयोजित की गई। दीपका कार्यालय में आयोजित शोकसभा में सतीश सिंह, मनोज सिंह, संजय पांडेय, मो.रसूल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी तरह गेवरा कार्यालय में एक अलग शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान गोपाल यादव, डी.के.मिश्रा, विकास शुक्ला, छंदराम राठौर, जीवराखन चंद्रा, सूर्यकांत पाटले, हरनाम सिंह, धरम सिंह, सीताराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## फर्जी धान खरीदी में 61 लाख का अवैध भुगतान, नोडल अधिकारी निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** तुलसी-किरीत में धान खरीदी में करोड़ों की गड़बड़ी मामले में शासन के द्वारा होल्ड किए गए किसानों के खातों में बोनस का 61 लाख 62 हजार हजार रुपए का अवैध भुगतान को लेकर जिला सहकारी बैंक जांजगीर-चांपा के नोडल अधिकारी अश्वनी पांडेय पर निलंबन की गाज गिरी।

कलेक्टर के जांच प्रतिवेदन पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के सीईओ के द्वारा नोडल अधिकारी को तत्काल पद से हटाने की कार्रवाई की गई है। वर्ष 2021-22 में नवागढ़ तहसील अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र तुलसी और किरीत में शासकीय जमीन का पंजीयन कर फर्जी तरीके से करोड़ों की धान खरीदी हुई थी। मामला उजागर होने के बाद पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया था। जांच में करीब ढाई करोड़ रुपए की अवैध धान खरीदी होना पाया पाया गया चा। मामले में पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद दोनों केंद्रों में हुए धान खरीदी का पूरा रिकार्ड खंगाला गया और 145 किसानों की खरीदी-बिक्री संदिग्ध मिली थी। इस पर शासन के द्वारा सभी किसानों के खातों को होल्ड कर दिया था और आरहण भुगतान पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी होल्ड खातों में बोनस की राशि का भुगतान कर दिया गया। मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से हुई। जिस पर जिला स्तरीय जांच टीम बनाकर पूरे मामले की जांच कराई गई जिसमें शिकायत सही पाई गई।

होल्ड हुए खातों में 77 लाख 15 हजार 336 में से 61 लाख 62 हजार 88 रुपए अवैध भुगतान पाया गया। जांच प्रतिवेदन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित को भेजा गया जहां जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के मुख्य

कार्यपालन अधिकारी ने दायित्व एवं कर्तव्य में लापरवाही बरतने के चलते जांजगीर-चांपा के नोडल अधिकारी अश्वनी पांडेय (सहायक लेखापाल) को तत्काल को सस्पेंड कर दिया गया है। छग सेवा सहकारी बैंक कर्मचारी सेवा नियम 1982 के नियम 60 (3) के तहत यह कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। नोडल अफसर अश्वनी पांडेय को मुख्यालय शाखा तखतपुर किया गया है।

## छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के युवा हुए सेना भर्ती रैली में शामिल

**जांजगीर-चांपा।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 15 दिसंबर 2023 से 24 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाइन खोखरा जांजगीर चांपा ग्राउंड में अपनी वार्षिक भर्ती रैली आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के युवाओं ने अग्निवीर जी डी ट्रेड, अग्निवीर ट्रेड्समैन ट्रेड (आठवीं पास और दसवीं पास), अग्निवीर तकनीकी ट्रेड और अग्निवीर क्लर्क ट्रेड में अपना कौशल दिखाया । उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई। इस सेना भर्ती में कुल 5,558 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दी और 2,001 उम्मीदवारों ने दौड़ पास की है।

22 दिसंबर 2023 को हवलदार सर्वेक्षक स्वलेखक की भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य के युवा शामिल हुए। कुल 15 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दी और 09 उम्मीदवारों ने दौड़ पास की है। यह दौड़ पास उम्मीदवार शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस के साथ ही युवाओं को सूचित किया जा रहा है के इस भर्ती का परिणाम भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinIndianarmy.nic.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से ली बैठक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले सुशासन दिवस, दो वर्ष के बकाया धान बोनस राशि वितरण एवं कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कोविड-19 वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। कोरोना के संभावित लक्षण वाले लोगो के सैम्पल की जांच प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा संख्या में करने कहा। उन्होंने कोविड-19 के मामले में वृद्धि के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के परिपालन कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाये रखने सहित जुआ-सट्टा, अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन सहित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## बिर्रा में नाचबो नचाबो डांस प्रतियोगिता आज

**बिर्रा।** युवा समीति घनवासागर मोहल्ला में भव्य डांस रियलिटी शो नाचबो नचाबो डांस प्रतियोगिता का आयोजन 23 दिसम्बर को किया जाएगा। इस वर्ष प्रवेश शुल्क एकल 251, युगल 351, ग्रुप 451 रुपए निर्धारित किया गया है। जिसमें एकल डांस के लिए प्रथम पुरस्कार 4001, द्वितीय 2501, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001 रुपए, युगल में प्रथम 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, चतुर्थ 1001 रुपए प्रदान किया जाएगा। ।साथ ही ग्रुप डांसरों के लिए प्रथम 11001, द्वितीय 7001, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 रुपए, पंचम 2001, षष्ठम 1501, सप्तम 1001 रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र तिवारी, आरोही चौहान व सहयोगी डॉ. कुश पटेल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता संतोष प्रजापति होंगे। विशिष्ट अतिथि नमेंद्र सिंह हाईकोर्ट अधिवक्ता, रितेश रमण सिंह छोटू बाबा राजमहल बिर्रा होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष देवराज सिंह, हरि धीवर, बुदेश सिदार, हेमंत पटेल सहित अन्य जुटे हुए हैं।




### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-कोरबा ( छ.ग. )

I.T.I. Chowk, Rampur, Korba (C.G.)

E-mail: eekor-phe-cg@nic.in

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नलकूप खनन के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म ''अ'' में निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 240 | 150187 (1St Call) | 174.93 |
| 241 | 150188 (1St Call) | 192.78 |
| 242 | 150189 (1St Call) | 160.65 |
| 243 | 150190 (1St Call) | 159.46 |
| 244 | 150191 (1St Call) | 190.40 |
| 245 | 150245 (1St Call) | 104.72 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.12.2023 से 09.01.2024 समय 05.30 बजे तक देखी एवं बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेंगे। अत: निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड कोरबा में देखे जा सकते हैं।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**खण्ड-कोरबा ( छ.ग. )**

जी/ 06609/4


# बहन की नौकरी के लिए बनवाया था बीएड का जाली सर्टीफिकेट




**जांजगीर।** भाई ने अपनी = बहन के लिए जाली बीएड की अंकसूची तैयार कर शिक्षाकर्मी की नौकरी लगा ली। इतना ही नहीं उसके लिए झूठा शपथ पत्र पेश भी कर दिया। बहन को पुलिस ने पहले की गिरफ्तार कर लिया। फिर गुरुवार को भाई संतोष वर्मा को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। मामले में एक मुख्य आरोपी महिला शिक्षाकर्मी शामिल थी। जिसे कोर्ट ने जमानत दे दी है। वहीं दूसरा फरा आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार नंदराम वर्मा 45 निवासी छेछर मलदा कसडोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुमारी मंदोदरी वर्मा 47 निवासी सरवानी बलौदा बाजार थाना कसडोल के द्वारा बीएड की फर्जी अंकसूची तैयार करके झूठा शपथ पत्र पेश कर ग्राम बरगांव जनपद पंचायत नवागढ़ में कस्तूरबा गांधी आश्रम में शिक्षा कर्मी वर्ग 2 के पद पर वर्ष 2008 से पदस्थ है।

विवेचना के दौरान कुमारी मंदोदरी वर्मा के कोर्ट में पेश करने पर बीएड की अंकसूची को जब्त कर गुरुघासीदास विश्व विद्यालय बिलासपुर से अंकसूची के संबंध में जानकारी एवं उत्तीर्ण शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर में बीएड मे अध्ययन करने के संबंध जानकारी ली। उक्त महाविद्यालय के द्वारा मंदोदरी वर्मा वर्ष 2003 में बीएड की- परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना एवं- अंक सूची जारी नहीं करना पायर्या गया। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी मंदोदरी वर्मा 47 निवासी संरवानी बलौदा बाजार थाना कसडोल को न्यायालय के आदेशानुसार 17 नवंबर को गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रहा किया गया है। प्रकरण के सह आरोपी झूठा शपथकर्ता संतोष वर्मा 46 सरवानी बलौदा बाजार थाना कसडोल फरार था। जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। गुरुवार को संतोष वर्मा को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ की गई तब वह झूठा शपथ पत्र में हस्ताक्षर करना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 465, 467, 468, 471, 34 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

## गुणवत्ताहीन काम कराने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में

**जांजगीर - चांपा ।** आग से जले और झुलसे लोगों के उपचार के लिए जिला अस्पताल के नवीन भवन के पहली मंजिल में सीजीएमएससी द्वारा 25 लाख 60 हजार रुपए की लागत से दस बिस्तर बर्न यूनिट का निर्माण कराया जा रहा था। मगर बर्न यूनिट का निर्माण सीजीएमएससी विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता और लापरवाही के चलते अधर में लटक गया है। पहले तो बर्न यूनिट के लिए गलत स्थान का चयन किया गया और जैसे तैसे निर्माण शुरू हुआ तो उसमें गुणवत्ता की शिकायत सामने आने लगी। जिसके कारण अस्पताल प्रबंधन ने निर्माण कार्य बंद करा दिया है। चार महीने से काम बंद पड़ा हुआ है। ऐसे में एक बार फिर बर्न यूनिट की सुविधा मिलने की उम्मीद खटाई में पड़ते दिख रही है।

जिला गठन के 25 साल बाद भी जिला अस्पताल में बर्न यूनिट की सुविधा नहीं थी। बर्न यूनिट नहीं होने के कारण आग से जले व झुलसे मरीजों को रेफर कर दिया जाता था। जिले में हर साल बड़ी संख्या में लोग आगजनी के शिकार होते हैं। औद्योगिक घटनाओं में भी कई लोग बायलर आदि में झुलस जाते हैं। वहीं कुछ लोग आग लगा कर जान देने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलस जाते हैं। ऐसे लोगों का समय पर इलाज होने से उनकी जान बचाई जा सकती है। जिला अस्पताल होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज के लिए यहां जले व झुलसे मरीजों को लेकर आते हैं। लेकिन जिला अस्पताल में बर्न यूनिट नहीं होने का हवाला देते हुए उन्हें बिलासपुर सिम्स रिफर कर दिया जाता है। पीड़ित मरीज का समय पर इलाज न होने के कारण उनकी मौत भी हो जाती है। बर्न यूनिट बनने के बाद आग से जले और झुलसे मरीजों का इलाज जिला अस्पताल में होगा। इसके लिए जिला अस्पताल के नए भवन की पहली मंजिल में सीजीएमएससी द्वारा 25 लाख 60 हजार रुपए की लागत से दस बिस्तर बर्न यूनिट का निर्माण अप्रैल महीने में शुरू कराया गया था। जुलाई के अंत तक बर्न यूनिट का निर्माण पूर्ण किया जाना था। मगर निर्माण शुरू होने के कुछ दिन बाद ही सीजीएमएससी विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता और लापरवाही के चलते निर्माण अधर में लटक गया है।

## हत्या के मामले में दो आरोपियों को जेल

**सक्ती।** लकड़ी को होलिका में जलाने के लिए ले जाने का विरोध करने पर डंडे से हमला कर ग्रामीण की हत्या करने दो आरोपितों को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बीआर साहू ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।अभियोजन के अनुसार अचरितपाली के साजन चौहान द्वारा थाना मलखरौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 28 मार्च 2021 की रात्रि 10-15 बजे मोतीराम उर्फ गुड्डुन और दूसरे मोहल्ले वाले उनके तीन-चार अन्य साथी मिलकर शिव मंदिर के पास रखी संजय चौहान की लकड़ी को होलिका में जलाने के लिए ले जा रहे थे। तब साजन चौहान ने लकड़ी ले जाने से मना किया तो गुड्डुन चौहान के अन्य साथी मान गए लेकिन गुड्डुन चौहान ने संजय को धमकी दी और धक्का देने लगा ।

उसने घटना की जानकारी फोन के माध्यम से अपने चाचा बाली चौहान को दी। इसके बाद मोतीराम अपने भाई ननकी चौहान के साथ डंडा लेकर मंदिर के पास आया और साजन चौहान को धमकाते हुए उसे धक्का देते हुए डंडे से मारपीट की। तब राकेश चौहान ने बीच बचाव किया। उसके बाद गुड्डुन गाली देते हुए अपने भाई ननकी चौहान के साथ अपने घर की ओर जाने लगा । इस बात को भी संजय ने अपने चाचा बाली चौहान को फोन पर बताया। उस समय बाली चौहान अपने दोस्त रामकुमार यादव, दिनेश चंद्रा के साथ ग्राम छपोरा में था । बाली चौहान अपने दोस्तों के साथ फोन से सूचना पाकर अमने ग्राम अचरितपाली आया और लकी चौहान के घर के सामने गली में जाकर क्यों गाली दे रहे हो कहते हुए बड़बड़ाने लगा। इस बीच गुड्डुन के पिता रामलाल भी लाठी लेकर वहां आ गया और बाली चौहान पर लाठी से हमला कर दिया इतने में गुड्डुन चौहान आज इन्हें जान सहित खत्म कर देंगे कहते हुए अपने कमर के पास रखे धारदार हथियार निकाल कर बाली के ऊपर ताबडतोड़ हमला कर दिया। ननकी चौहान भी डंडे से मारने लगा । जिससे बाली खून से लथपथ हो गया ।

## दो बाइक में टक्कर, महिला की मौत

**बिर्रा ।** संजय नगर बिर्रा के मुख्य मार्ग में दो बाइक की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक में सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक पति और उसके बच्चों को भी चोटें आई है। जबकि दूसरे बाइक में सवार युवक भी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के राहौद पडरिया निवासी प्रदीप श्रीवास अपनी पत्नी अनसुईया श्रीवास और दो बच्चे के साथ बाइक क्रमांक सीजी 11 बीएफ 9618 से रायगढ़ जा रहा था।

वे बिर्रा के संजय नगर के मुख्य मार्ग के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही सीजी 11 बीएच 2735 बाइक के चालक बलवंत खुटे की बाइक से टकरा गई। हादसे में महिला अनसुया श्रीवास की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे प्रदीप श्रीवास उसके बच्चों को भी चोटें आई। जबकि दूसरे बाइक में सवार युवक भी घायल हो गया। इस हादसे में दोनों बाइक में सवार 4 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया।

## काम नहीं कराया और स्वीकृत राशि निकाल ली सरपंच व सचिव ने

**अकलतरा ।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटमी सोनार में डीएमएफ मद विधायक मद से स्वीकृत कई कार्यों की राशि सरपंच रामिन बलराम सिंह एवं सचिव मो. ईलाही द्वारा आहरण किया जा चुका है, परन्तु मौके पर कार्य प्रारंभ नही हुआ है।

जनपद पंचायत अकलतरा से प्राप्त जानकारी अनुसार सांस्कृतिक मंच, नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण की राशि पंचायत की खाते में आ चुकीं है फिर भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। शासन की नियम को सरपंच-सचिव द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वहीं जवाबदार जनपद पंचायत के अधिकारी आंखे मूंदे हुए हैं। गौरतलब है कि 2019-2020 की स्वीकृत कार्य 2023 तक पूरा नहीं हो सका है, इससे अंदाज लगया जा सकता हैं कि पंचायत विभाग के एसडीओ इंजीनियर अपने कार्यों के प्रति कितने सजग है।

गर्मी के दिनों में एसी कमरे में आराम फरमाते है, अब पांडे ग्राम आय है। ठंडी में धूप का मजा ले रहे हैं, फील्ड में बिना मॉनिटरिंग के कार्य चल रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण ग्राम परी पंचायत मधुवा का मुक्तिधाम सामने बच्च है। वहीं ग्राम कोटमीसोनार में नवीन अप पंचायत का हाल है, जो पिछले औ दिसम्बर माह 2022 में भूमिपूजन हुआ था, वो 2023 दिसम्बर तक नहीं बन सका है, जबकि ग्राम पंचायत कार्यालय किराए के भवन ड चल रहा है। ग्राम विकास की राशि बि प्रतिमाह तीन हजार रुपए फिजूल घन किराए में खर्च हो रही हैं।

ग्रामीणों ने रिक जिला प्रशासन से जांच कर उचित प्रि कार्रवाई करने की मांग की है। दि पन्द्रहवें वित्त की राशि को सरपंच, सचिव द्वारा मनमाने तरीके से अपने ग्रुप -अपने लोगों के नाम बिल लगाकर है राशि निकाली गई है।

## चोरी का आरोप लगाने पर युवक ने लगाई थी फांसी, तीन गिरफ्तार

**जांजगीर - चांपा ।** युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए गांव के तीन युवकों ने मारपीट की। इसे युवक बर्दाश्त नहीं कर सका और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आत्म हत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले तीनों आरोपित युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला चांपा थाना का है।पुलिस के अनुसार ग्राम कुरदा निवासी कैलाश पटेल ने 26 अक्टूबर को अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही थी। जांच के दौरान मृतक के स्वजन और आसपास के लोगो से पूछताछ की। जिस पर पता चला कि घटना दिनांक के एक दिन पहले गांव के रामगोपाल पटेल, सोनकमल एवं नीलकमल ने कैलाश को चोर कहते हुए चोरी का आरोप लगाया था और मारपीट की थी। जिससे तंग आकर कैलाश पटेल ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की थी।

## कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जरूरी उपायों पर चर्चा की गई। इस दौरान ब्लैक स्पॉट क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण हटाने, घुमावदार मोड़, इंटरसेक्शन में अभियान चलाकर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में ब्लैक स्पॉट पर रोशनी करने, रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने, खराब एवं गड्ढे युक्त सड़को को मरम्मत किए जाने, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों संबंध में चर्चा हुई एवं आवश्यक निर्देश दिए। दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में विशेष सांकेतिक लगाने, मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीडब्ल्यूडी को जिले में निर्माणधीन रोड में प्रगति लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा। दुर्घटना वाले क्षेत्र, सड़क के आसपास तत्काल चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस प्रदान करने की निर्देश सीएमएचओ को दिए। बैठक में रंबल स्ट्रीप लगाना एवं सड़क किनारे दोनो ओर पेड़ पर रेडियम लगाने कहा। दुर्घटना या यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए नियमानुसार ड्रायविंग लायसेंस निलंबन, निरस्तीकरण करने कहा। उन्होंने सड़को से आवारा मवेशी को अभियान चलाकर हटाने कहा। मुख्य मार्गो में बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने कहा। बैठक में कहा कि नियमित रूप से स्कूल, कालेज में एवं चौक चौराहों, व्यस्त मार्गो के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा, डीटीओ अधिकारी यशवंत यादव, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज जांजगीर के प्राधिकरण मंगल भवन परिसर में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुलाब सिंह चंदेल द्वारा परम पूज्य संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास जी की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय ने परम पूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी के जीवन परिचय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में गुलाब सिंह चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि परम पूज्य संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा ने समाज मे विद्यमान सामाजिक कुरीतियों को दूर किया है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर लोगों को मिलजुलकर रहना सिखाया है। गिरौदपुरी का जैतखाम एकता भाईचारा सद्भाव का संदेश दे रहा है। इस दौरान छात्रावासी बच्चों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम व पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धूम मच गे पंथी पार्टी कोटिया नवागढ़, द्वितीय स्थान धरती के वरदान पंथी पार्टी ठड़गाबहरा और संग संगम पंथी पार्टी चंडीपारा तृतीय स्थान प्राप्त किया। पंथी नृत्य दल के विजेताओं को पुरस्कार से सम्मनित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एसएल ओग्रे, पूर्व जिला अध्यक्ष हजारी लाल कुर्रे, डॉ अमित मिरी, डॉ एच एल कुर्रे, श्रीमती निशा मीनाक्षी बघेल, श्रीमती सुलेखा आजाद, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी विजय मनहर उपस्थित थे।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# जिले के अनेक ग्रामों में हुए कार्यक्रम हितग्राही लाभान्वित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के बम्हनीडीह जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बम्हनीडीह, सोनाईडीह, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झलमला, पकरिया झूलन, पामगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कोसीर, ससहा, बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कोरबी, बिरगहनी ब, नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अवरीद, चौराभांठा, सेमरा और तेंदूआ में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहित विभिन्न विभागों के द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के तहत् हितग्राहियों ने योजनाओं के माध्यम से हुए उनके जीवन परिवर्तन की अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों में शिविर में पहुंचकर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जानकारियों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी

विकसित भारत संकल्प यात्रा 23 दिसम्बर को जिले के बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत डोंगरी, भिलाई, नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मुड़पार और खिसोरा में आयोजित किया जाएगा।

## अनमोल वचन

**खामोशी को चुना मैंने क्योंकि बहुत कुछ सुना है मैंने..!**

# मिमिक्री तो देश की

*मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के बेहद महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया। क्या देश का इससे बड़ा कोई और मखौल उड़ाया जा सकता है। थोक भाव से विपक्षी सांसदों को दोनों सदनों निकाले जाने के बाद संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उसका वीडियो बनाते देखे गए। और इसके साथ ही सत्ता पक्ष को तमाम दूसरे मुद्दों से ध्यान भटकाने का बहाना मिल गया। तो उप-राष्ट्रपति के संवैधानिक पद, जाट और किसान सबके कथित अपमान के मुद्दे उछाल दिए गए। यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धनखड़ के समर्थन में बयान जारी किया और राज्यसभा में उसकी निंदा के लिए प्रस्ताव भी लाया गया। जवाब में विपक्ष ने प्रधानमंत्री की कुछ पुरानी भाव-भंगिमाओं और बयानों को सोशल मीडिया पर शेयर उन्हें मिमिक्री का उस्ताद बताने की मुहिम छेड़ दी। उधर मेनस्ट्रीम मीडिया ने अपने श्रोता वर्ग को इस बहस में उलझ दिया कि कौन ज्यादा बड़ा मिमिक्री बाज है। इस बीच संसद ने विपक्ष की गैर-हाजिरी में भारतीय दंड संहिता और साक्ष्य संहिताओं के नए तीन विधेयक पारित कर दिए। साथ ही लोकसभा ने टेलीकॉम बिल को मंजूरी दे दी। जाहिर है, इन सभी विधेयकों को बिना पर्याप्त संसदीय जांच-परख के पास कर दिया गया है, जबकि इनका प्रभाव देश के हर नागरिक पर पड़ेगा। मानव अधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पारित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता के बारे में कहा है कि इनसे भारत में अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ कार्रवाइयों में और बढ़ोतरी ही होगी। थिंक टैंक इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) ने कहा है कि नए कानूनों से कोई सुधार होना तो दूर, उनसे सरकार का नियंत्रण और सख्त होगा। आईएफएफ ने दूरसंचार विधेयक के बारे में कहा है कि इसके जरिए नई पैकेजिंग में औपनिवेशिक अतीत को प्रस्तुत किया गया है। इस बिल में निगरानी और इंटरनेट को सस्पेंड करने जैसे सरकार के सारे अधिकार बरकरार रखे गए हैं। तो मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के इतने महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया। क्या देश का इससे बड़ा कोई और मखौल उड़ाया जा सकता है।*

## राशिफल

**मेष राशि**-इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा, वह ऑनलाइन शॉपिंग में समय बिता सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब के लिए आपको कॉल आ सकती है। दांपत्य जीवन में आज मधुरता बनी रहेगी। घर के कामों में परिवार के लोग सहायता करेंगें।

**वृष राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके चंचल स्वाभाव के कारण लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज बेहतर होगा आप बड़ों की राय को सुने और उनको माने। अगर आप वाहन खरीदने का प्लान बना रहें तो थोड़ा रूक जाये। लम्बे समय से सोचा हुआ कार्य आज पूरा हो जाएगा। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है, पूराने किये गये कार्यो की प्रशंसा होगी। आज अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मिठा बना कर खिला सकती है, दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**कर्क राशि**-आज आप परिवार के साथ समय बितायेंगें। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। टेन्ट हाउस के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। पुराना रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉव का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में दोस्त के साथ बाहर जा सकते है। लवमेट्स आज कहीं घूमने जायेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सभी सदस्यों मिलकर आज मनोरंजक गतिविधियों का आनन्द उठायेंगे। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। आज आपके व्यापार में वृद्धि होने के योग बने हुए है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। बीजनेस में अचानक कहीं से धनलाभ होगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज कोई भी काम माता-पिता का आर्शीवाद लेकर शुरू करेंगे, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज जरूरतमंद की मदद करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, समाज में आपका नाम होगा।

**वृश्चिक राशि**-आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नई जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बने हुए है। लवमेट्स आज एक दूसरे को उपहार देंगे, इससे रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

**धनु राशि**- आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जिन्हे आप बखूबी निभायेंगे। आज किसी कार्य को पूरा करने के लिए आस-पास के कई लोग आपको सलाह देगें। जीवनसाथी पर भरोसा बनायें रखें, रिश्ते मजबूत होंगे।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में आये उतार- चढ़ाव से आज आप निपटने में सक्षम होंगे। लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको थोड़ी राहत मिलेगी। आज घर में बच्चों के साथ आपका ज्यादा टाइम बितेगा।

**कुंभ राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी लेकिन आप इनका डटकर मुकाबला करने में सफल होंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगो को पदोन्नती के अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में कार्यशीलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। पहले से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज समाप्त हो जायेंगी।

# संसद में सब कुछ नया-नया

अजीत द्विवेदी

**भारत में इन दिनों बहुत कुछ नया हो रहा है और बड़ा भी हो रहा है। ग्रैंड स्केल पर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि उन्हें ईश्वर ने ऐसा बनाया है कि वे छोटा सोच ही नहीं सकते हैं। वे जो सोचते हैं, बड़ा सोचते हैं। तभी उनकी सरकार में सब कुछ बड़ा हो रहा है। संसद की नई और बड़ी इमारत बनी। उसके उद्घाटन का कार्यक्रम भी भव्य हुआ और सैंगोल स्थापित किया गया। नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ उसके पहले दिन दशकों से लंबित महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया और उसी सत्र में पास कराया गया। अब एक दिन में सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड भी बना है। साढ़े तीन दशक पुराना रिकॉर्ड टूटा है।**

इस नए भवन में सत्तापक्ष के एक सांसद ने विपक्षी पार्टी के एक सांसद के ऊपर उसके धर्म को लेकर टिप्पणी की। संसद सत्र के दौरान नई परंपराएं भी कायम हो रही हैं और सदन की कार्यवाही में अनुशासन तो ऐसा बन रहा है कि ईसाई मिशनरी स्कूलों के हेडमास्टर भी उससे सबक सीख सकते हैं। विधायी कामकाज के भी नए तरीके विकसित हो रहे हैं। विधेयक अब संसदीय समितियों को नहीं भेजे जाते हैं, संयुक्त संसदीय समिति नहीं बनती है और प्रवर समिति भी अपवाद है। सरकार के कामकाज को लेकर सीएजी की रिपोर्ट पेश होने का पुराना सिस्टम भी धीरे धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है।

सांसदों का निलंबनः नए संसद भवन में शीतकालीन सत्र के 11वें दिन सोमवार, 18 दिसंबर को एक दिन में 78 सांसदों को निलंबित किया गया। निलंबित सांसदों में 33 लोकसभा के और 45 राज्यसभा के सदस्य थे। राज्यसभा के 11 सांसदों का और लोकसभा के तीन सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। समिति को तीन महीने में रिपोर्ट देने को कहा गया है। यानी इन 14 सांसदों का निलंबन कम से कम तीन महीने रहना है। इसका मतलब है कि वे जनवरी के आखिर में शुरू होने वाले 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे। बाकी सदस्यों का निलंबन सत्र के बचे हुए कार्यकाल यानी 22 दिसंबर तक है। सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार को लोकसभा से 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। निलंबित सांसदों का कसूर यह था कि वे संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर को हुई चूक के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग रहे थे। इसके लिए वे सदन के अंदर तख्तियां लेकर नारेबाजी कर रहे थे। हालांकि यह पहली बार नहीं हो रहा था। विपक्ष में तो सबसे ज्यादा समय तक भाजपा को ही बैठने का अनुभव है और उसके सांसद भी तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते रहे हैं। लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। अब संसदीय परंपरा या लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन अहम नहीं है, अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है।

तभी लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता और उप नेता सहित 33 सदस्यों को एक दिन में निलंबित कर दिया गया और अगले दिन 49 और सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। उधर राज्यसभा में सबसे बेहतरीन वक्ताओं और संसदीय आचरण वाले सदस्यों सहित 45 लोग निलंबित हुए। इससे पहले 14 दिसंबर को 14 सांसद निलंबित हो चुके थे। सो, निलंबित सांसदों की संख्या 141 हो गई। इससे पहले का रिकॉर्ड 63 सांसदों का था। 1989 में इंदिरा गांधी की हत्या की जांच कर रहे जस्टिस ठक्कर आयोग की रिपोर्ट पेश किए जाने के दिन विपक्षी पार्टियों ने हंगामा किया था और तब 63 लोगों को निलंबित किया गया था। हालांकि उसे लेकर एक दावा यह भी है कि 63 लोगों ने सामूहिक इस्तीफा दिया था, जिसे स्पीकर ने स्वीकार नहीं किया था। उस समय भाजपा को ज्यादा मौका नहीं मिल पाया था क्योंकि तब लोकसभा में उसके सिर्फ दो सांसद थे। पिछली लोकसभा में 2015 में विपक्ष के 25 सदस्यों को एक साथ निलंबित किया गया था। विपक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया था। उसका जवाब देते हुए तब के संसदीय कार्य मंत्री एम वेंकैया नायडू ने 1989 की घटना की मिसाल दी थी और तंज किया था कि सबसे ज्यादा सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड किसने बनाया है! अब भगवान का शुक्र है कि वह रिकॉर्ड भी भाजपा के नाम हो गया है। संसद में अभद्र टिप्पणीः नए संसद भवन में हुए पहले ही सत्र में भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली के ऊपर बहुत आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने उनके धर्म को लेकर और एक व्यक्ति के तौर पर उनके ऊपर बेहद अपमानजनक टिप्पणी की। घटना 21 सितंबर की है, जब चंद्रयान-तीन और जी-20 की सफलता पर चल रही चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने दानिश अली को निशाना बनाया था।

तीन महीने बाद भी यह मामला विशेषाधिकार समिति के पास लंबित है। समिति ने बिधूड़ी को पहली बार जब बुलाया था तब वे चुनाव प्रचार के ज्यादा जरूरी काम के लिए राजस्थान जा रहे थे। इसलिए मामला टलता गया। अब बताया जा रहा है कि समिति के सामने उन्होंने माफी मांग ली है तो यह मामला खत्म हो सकता है। लेकिन वह टिप्पणी भी अद्वितीय थी क्योंकि उससे पहले सदन में किसी ने किसी सदस्य के लिए वैसे शब्दों का प्रयोग नहीं किया था। अब देखते हैं कि भाजपा सांसद का बनाया वह रिकॉर्ड कब और कौन तोड़ता है!नई संसदीय परंपराः संसद की एक परंपरा रही है कि जब सत्र चल रहा होता है तब सरकार को जो भी बयान देना होता है वह सदन के अंदर देना होता है। उस समय सदन से बाहर बयान नहीं दिए जाते हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि यह परंपरा भी पुरानी हो गई है और हो सकता है कि गुलामी की मानसिकता वाली भी हो। तभी नए संसद भवन की आजाद भारत की परंपरा के तहत सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी के एक दैनिक अखबार को इंटरव्यू दिया। वे आमतौर पर इंटरव्यू नहीं देते हैं और मीडिया से बात करने की जरुरत नहीं समझते। लेकिन शीतकालीन सत्र के दौरान जब संसद की सुरक्षा में सेंध लगी तो उसके बाद उन्होंने एक अखबार को इंटरव्यू दिया और कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मसला है, इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए और पता लगाया जाना चाहिए कि इसके पीछे कौन है। इस पर वाद-विवाद नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने एक अखबार को इंटरव्यू दिया और केंद्रीय गृह मंत्री ने एक टेलीविजन चैनल को इंटरव्यू दिया। विपक्षी सांसद चाहते थे कि गृह मंत्री ने न्यूज चैनल को जो कहा है वही बात वे संसद में आकर कहें। पता नहीं विपक्षी सांसद न्यूज चैनल में गृह मंत्री की बात सुन कर संतुष्ट क्यों नहीं हुए? वे सदन में आकर उनके बयान देने की मांग करते रहे और अपने इस आचरण के लिए निलंबित हो गए तो अब सरकार से सवाल पूछ रहे हैं! कायदे से विपक्षी सांसदों को अपना आचरण सुधारना चाहिए। उन्हें सरकार से सवाल पूछने और विरोध प्रदर्शन आदि करने से बचना चाहिए। नए दौर में इसे अनुशासनहीनता माना जा सकता है। इस मौके के मौजूं वसीम बरेलवी का एक शेर है- चरागों के बदले मकां जल रहे हैं, नया है जमाना नई रोशनी है।

# चीन की अपने ही हाथों बदनामी!

//श्रुति व्यास//

**हांगकांग सुर्खियों में है। इस हफ्ते वहां लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता और पूर्व मीडिया शहंशाह जिमी लाई पर लंबे समय से रूके मुकदमे की कार्यवाही शुरू हुई। यह मुकदमा हांगकांग की वैश्विक प्रतिष्ठा को कसौटी पर कसेगा। लाई हांगकांग का एक जाना-माना नाम था और है। एक मीडिया शहंशाह और लोकतंत्र-समर्थक कार्यकर्ता के तौर पर वे इस क्षेत्र में सीसीपी (चीन की कम्युनिस्ट पार्टी) के सबसे शक्तिशाली आलोचकों में से एक थे। वे बंद हो चुके लोकतंत्र-समर्थक समाचार पत्र 'एप्पल डेली' के संस्थापक थे और 2014 के अंब्रेला मूवमेंट विरोध प्रदर्शनों और 2019 के प्रत्यर्पण कानून विरोधी प्रदर्शनों में सबसे आगे रहे थे। हांगकांग का राष्ट्रीय सुरक्षा कानून इसी तरह की असहमति को कुचलने के लिए बनाया गया था।**

माना जा रहा है कि करीब 250 कार्यकर्ताओं, सांसदों और प्रदर्शनकारियों को इसके उल्लंघन के आरोप में हिरासत में लिया गया है। लाई राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का निशाना बनने वाले सबसे प्रमुख और शुरूआती व्यक्तियों में से एक थे। उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत विदेशी शक्तियों से मिलीभगत के साथ ही राजद्रोह का आरोप भी लगाया गया है। यदि उन्हें दोषी पाया जाता है, जिसे कई लोग लगभग निश्चित मान रहे हैं, तो इस ब्रिटिश नागरिक को अपनी बची हुई पूरी जिंदगी जेल के सींखचों के पीछे बितानी पड़ेगी।

बीजिंग लंबे समय से चीन की मुखर आलोचना के कारण लाई और उनके 'एप्पल डेली' समाचारपत्र से नफरत करता रहा है। सन् 1995 में स्थापित एप्पल डेली जल्दी ही चीनी भाषा का एक लोकप्रिय टेबोलाईड बन गया जिसमें हल्की-फुल्की सामग्री और हांगकांग व बीजिंग की सरकार की आलोचना का मिश्रण होता था। सन् 2021 में हांगकांग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत अखबार की संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया, उसके दफ्तरों पर छापा मारा और उसके कई प्रमुख संपादकों और लेखकों को गिरफ्तार कर लिया। (पूरे हांगकांग में उस वर्ष प्रकाशित हुए उसके अंतिम अंक को खरीदने के लिए लंबी-लंबी कतारें लग गईं थीं )। लाई पर लगाए गए आरोप अंशतः एप्पल डेली में प्रकाशित उन लेखों पर आधारित हैं जिनमें चीनी एवं हांगकांगी अधिकारियों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए जाने का आव्हान किया गया था। प्रॉसिक्यूशनका तर्क है कि यह विदेशी शक्तियों के साथ सांठ-गांठ करने जैसा है! समाचारपत्र के छह कर्मचारियों ने सन् 2022 में इस आरोप को सही बताया।

लाई पर चलाया जा रहा यह मुकदमा पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का दायरा असाधारण रूप से व्यापक है। इसके क्षेत्राधिकार में ऐसे लोग, जो हांगकांग के निवासी नहीं हैं द्वारा हांगकांग के बाहर की की गयी गतिविधियां भी शामिल हैं। लाई को ब्रिटेन के टिम ओवेन नामक अपनी पसंद के वकील की सेवाएं लेने की इजाजत नहीं दी गई (मुकदमे की कार्यवाही शुरू होने में हुए देरी का एक कारण यह विवाद भी था) और जूरी के बजाए उनके मुकदमे की सुनवाई सरकार द्वारा नियुक्त न्यायाधीश करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत चले मुकदमों में दोषसिद्धी की दर 100 प्रतिशत है। न्याय विभाग के मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि यदि कोई आरोपी बरी हो भी जाता है तो उसे दुबारा मुलजिम बनाया जा सकता है। इस बात की प्रबल संभावना है कि लाई को अपनी बची हुई जिंदगी जेल में गुजारनी पड़े। इसके और लाई के ब्रिटिश नागरिक होने के मद्देनजर ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड केमरून और अमरीका ने अब जाकर उन पर मुकदमा चलाए जाने की निंदा की है और उनकी रिहाई की मांग की है।

जिमी लाई का मुकदमा निःसंदेह एक ढकोसला है और मूलतः अन्यायपूर्ण है। यह मुक़दमा खुले न्यायालय में चलाया जा रहा है। इस मुकदमे की कार्यवाही में सारी दुनिया के लोगों की रूचि है। हांगकांग के रहवासी तो सोमवार को मुक़दमे की कार्यवाही देखने के लिए कतारों में खड़े हुए। यह मुकदमा न केवल एक मुखर प्रमुख मीडिया व्यवसायी से संबंधित है बल्कि दरअसल यह बीजिंग-शासित हांगकांग के भविष्य से भी संबंधित है। हालाँकि, फैसला क्या होगा, यह शायद पहले से ही तय है।

# ट्रंप क्या चुनाव भी लड़ पाएंगे

//श्रुति व्यास//

क्या कॉलोराडो के फैसले से डोनाल्ड ट्रंप की व्हाईट हाऊस की राह कठिन हो गई है। एक घटनाक्रम में, जो चौंकाने वाला है भी और नहीं भी, कॉलोराडो ने अपने सर्वोच्च न्यायालय के ज़रिये डोनाल्ड ट्रंप के राज्य में अगले वर्ष का राष्ट्रपति चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगयाहै। राज्य के सर्वोच्च न्यायाधीशों का यह निर्णय अमरीका के चुनावी इतिहास में अभूतपूर्व है। उनके फैसले के अनुसार 6 जनवरी को केपीटोल में बलपूर्वक घुसने के घटनाक्रम के दौरान ट्रंप का व्यवहार 14वें संशोधन के तीसरे अनुच्छेद का उल्लंघन है एवं उन्हें राज्य के विरुद्ध विद्रोह करने के कारण चुनाव लड़ने का हक़ नहीं है। ट्रंप के वकीलों ने इसे तुरंत चुनौती दी। अब इस मामले की सुनवाई अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय में होगी और उसका फैसला आने तक कॉलोराडो में ट्रंप की उम्मीदवारी वैध रहेगी।आखिर यह 14वां संशोधन क्या है जो ट्रंप के राष्ट्रपति बनने की आकांक्षा में बाधक बन गया है? 14वां संशोधन गृहयुद्ध के बाद कॉन्फेडरेट सांसदों को कांग्रेस में आने से रोकने के लिए लागू किया गया था। राष्ट्रपति चुनाव में कभी इसका उपयोग नहीं किया गया। अमेरिका और सारी दुनिया के बहुत से लोगों को कुछ समय के लिए ही सही, मगर हर्षित और रोमांचित करने वाली इस खबर से एक बड़ा 'लेकिन' जुड़ा हुआ है। पहली बात तो यह है कि अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में कंजरवेटिवों के जबरदस्त बहुमत के चलते संभावना यही है कि ट्रंप का रास्ता रोकने का कॉलोराडो का प्रयास सफल नहीं हो सकेगा। हालांकि यह भी हो सकता है कि अन्य राज्य कॉलोराडो की राह पर चलकर ट्रंप के प्रायमरीज में भाग लेने पर रोक लगा दें। दूसरे, भले ही ट्रंप को धक्का पहुंचा हो परंतु अमरीका की जनता उन्हें समर्थन देने के मूड में है।'न्यूयार्क टाईम्स' द्वारा करवाए गए एक सर्वे के अनुसार आधे से ज्यादा अमेरिकी इजराइल-हमास युद्ध में राष्ट्रपति जो बाइडन की भूमिका से नाखुश हैं। सर्वे में 57 प्रतिशत लोगों ने कहा कि बाइडन ने युद्ध के मामले में जो किया वे उसका समर्थन नहीं करते।

एक अन्य सर्वे के अनुसार, 46 प्रतिशत मतदाताओं का कहना है ट्रंप इस पूरे मसले को बेहतर ढंग से हैंडल करते। केवल 38 प्रतिशत मतदाता ट्रंप की तुलना में बाइडन पर अधिक भरोसा करने को तैयार हैं। कुल मिलाकर चुनावी दौड़ में ट्रंप, बाइडन से दो प्रतिशत आगे हैं। यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है परंतु इस तथ्य के प्रकाश में कि ट्रंप के खिलाफ 91 आपराधिक मामलों में कार्यवाही चल रही है, यह मामूली सा अंतर भी निराशा पैदा करने वाले है।

और हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ट्रंप अपने लिए निगेटिव को अपने लिए सुपर पॉजिटिव में बदलने की कला के चैंपियन हैं। ट्रंप ने एक नैरेटिव बनाया है जिसके अनुसार वे जोरो (एक काल्पनिक चरित्र जो हमेशा मॉस्क पहने रहता है और आम लोगों की मदद करता है) की तरह हैं, जिस पर डीप स्टेट हमलावर है। यह नैरेटिव बेहूदा और बकवास है परंतु ऐसा लगता है कि बड़ी संख्या में ट्रम्प समर्थक उसे सही मानते हैं। ट्रंप पर जितना कीचड़ उछाला जाता है उनकी छवि उतनी ही निखरती जाती है और रिपब्लिकन समर्थकों में उनकी लोकप्रियता और बढ़ती जाती है। एक भी प्राइमरी में हिस्सा न लेने के बावजूद रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की राह में वे सबसे आगे हैं।एक और बात। ट्रंप की रूचि अदालतों में जीत हासिल करने में नहीं हैं। शुरू से ही उनके वकीलों की कोशिश यही रही है कि मुकदमे ज्यादा से ज्यादा लंबे खिंचें और चुनाव तक किसी मामले में कोई प्रगति न हो। हालिया घटनाक्रम ने अमेरिका के चुनावों को और रोमांचक, और तनावपूर्ण बना दिया है। अभी भी कुछ अमरीकियों को यह उम्मीद है, यह भरोसा है कि नए साल में कोई चमत्कार होगा और कानून के लंबे हाथ ट्रंप को वहां पहुंचा देंगे जहां उन्हें होना चाहिए। और फिर 2024 का चुनावी सीन एकदम बदल जाएगा।


## तस्वीरों की दुनिया



बेंगलुरु में जिला पत्रकार संघ के नए प्रेस हाउस और प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास समारोह के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



मथुरा के जयगुरुदेव आश्रम में प्रवचन को संबोधित करते आध्यात्मिक गुरु महाराज पंकज यादव।



कर्नाटक के पूर्व सीएम और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।



शीतकालीन सत्र के दौरान संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ अमृतसर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।




नई दिल्ली में जंतर मंतर पर भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नई दिल्ली में जंतर मंतर पर भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के विरोध प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए।

# अगर आपके बच्चे को घेर रहा है जिद्दीपन तो जरूरू अपनाएं ये टीप्स



बच्चे जिद्दी क्यों हो जाते हैं हर छोटी बात पर रोना, कहे गए काम को करने के लिए जिद करना, अपने विचार को मानवाने के लिए कहीं भी रोना शुरू करना, अक्सर माता-पिता के लिए समस्या बन जाता है. आज के माता-पिता इस बात से बड़ी स्थिति में संघर्ष कर रहे हैं. क्योंकि बच्चे घर से बाहर जाना कम कर रहे हैं, दोनों माता-पिता काम कर रहे हैं और बच्चे पूरे दिन घर में बोर हो रहे हैं. इस प्रकार, उनका सारा ऊर्जा गलत जगह पर जा रही है. जो मुद्दा अक्सर देखा गया है कि माता-पिता और बच्चों के बीच में विवाद के रूप में है, वह यह है कि परिवार के सदस्य कहते हैं कि बच्चे बहुत जिद्दी हो गए हैं, जबकि उन्हीं बच्चे कहते हैं कि उनके माता-पिता उन्हें समझते नहीं हैं.

बच्चों के माता-पिता अक्सर बचपन में होने वाली जिद् के साथ संघर्ष करते हैं. यदि आप उनमें से एक हैं, तो हम लाए हैं कुछ सुझाव जिन्हें अपनाकर आप अपने जिद्दी बच्चे को बुद्धिमान बना सकते हैं. तो इंतजार किस बात का है, चलिए समझते हैं कि जिद्दी बच्चे के साथ कैसे निपटा जाए.

पसंद और नापसंद

हर बच्चा जो किसी चीज के लिए रो रहा है वह जिद्दी नहीं है. अक्सर जब आप उन पर अपनी पसंद को थोपते हैं, तो वे कमजोर होकर उसे इनकार करते हैं. जो बच्चा अपनी पसंद और नापसंद के लिए जागरूक होते है, वह जिद्दी नहीं है. इस प्रकार की स्थिति में, किसी भी कदम के पहले यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपका बच्चा जिद्दी है नहीं. जिद्दी बच्चे अपने बातों पर ही रहते हैं और आपकी सुनने को तैयार नहीं होते वे होते हैं जिद्दी.

बहस के लिए तैयार

जिद्दी बच्चे हमेशा बहस के लिए तैयार रहते हैं, इसलिए आपको उन्हें इस अवसर की अनुमति नहीं देनी चाहिए. बजाय इसके, अपने बच्चे की सुनें. जब आप उसकी सुनना शुरू करते हैं, तो वह भी आपकी तरफ ध्यान देने की कोशिश करेगा.

नियम

जिद्दी बच्चों के साथ कुछ नियम बनाए. उन्हें समझाएं कि वे नियमों को तोड़ने पर उन्हें कैसे हानि होगी. यदि आप अपने बच्चे को नियमित रूप से अनुशासित करते हैं, तो इससे उसकी जिद्दीपन में कमी होने में मदद होगी.

बच्चों पर चिल्लाएं नहीं

माता-पिता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि वे अपने बच्चों पर चिल्लाएं नहीं और अगर बच्चे जिद्दी हैं तो वे ऐसा कभी नहीं करें. यदि आप शांत रहेंगे, तो बच्चे ज्यादा शोर नहीं करेंगे और आप उन्हें सही और गलत के बीच अंतर को समझा सकेंगे.

## ब्रश करते वक्त उल्टी आना इस गंभीर बीमारी के हैं संकेत



आपके साथ भी कई बार ऐसा हुआ होगा कि ब्रश करने के दौरान मतली और उल्टी जैसा महसूस हुआ होगा. लेकिन अगर यह आपके साथ हमेशा हो रहा है तो आपको तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए. हम इसलिए ऐसा कह रहे हैं कि क्योंकि यह शरीर में पित्त बढ़ने से लेकर और दूसरी गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं. ब्रश करने के दौरान उल्टी जैसा महसूस होना कई वजहों से हो सकता है. कई बार यह गैस और एसिडिटी के कारण होता है तो वहीं कभी-कभी अपच भी इसके पीछे का कारण है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक यह शरीर में पित्त बढ़ने के साथ-साथ लिवर से जुड़ी बीमारी के कारण भी हो सकता है. दरअसल, पेट में होने वाली गड़बड़ी को यह काफी ज्यादा प्रभावित करती है. जब खाना ठीक से नहीं पचता है तो पेट में बाइल जूस बनने लगता है और जिससे एसिड रिफ्लक्स होने लगता है. जिसके कारण मतली महसूस होता है. ऐसे में कई लोगों को वोमिटिंग भी हो जाता है.

**ब्रश करते समय उल्टी आने का कारण जीईआरडी की बीमारी**- ब्रश करते वक्त उल्टी का कारण पेट में होने वाले अल्सर और गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स बीमारी का कारण हो सकता है. पेट से जुड़ी बीमारी का कारण हो सकता है. दरअसल, पेट में एसिड बढ़ने से आपको ब्रश करने के दौरान मतली हो सकती है. ऐसे में पेट की स्थिति खराब हो सकती है. **किडनी खराब होने के हो सकते हैं संकेत**-ब्रश करते वक्त उल्टी महसूस होना किडनी खराब होने के लक्षण हो सकते हैं. दरअसल, जब किडनी ठीक से फंक्शन नहीं कर पाती है तो ऐसे में पेट से जुड़ी समस्याएं होने लगती है. किडनी खराब होने का सबसे महत्वपूर्ण कारण है शरीर में क्रिएटिनिन का लेवल बढ़ना. इससे मतली होने के साथ-साथ पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती है.

**समय रहते इलाज करें**- अगर आपको भी ब्रश के दौरान ऐसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए. ताकि वक्त रहते कारण का पता चल जाए और आगे का इलाज शुरू हो सके.

## आकांशा रंजन कपूर ने दस्तूर में नीना गुप्ता की बेटी बनने का बताया अनुभव



हाल ही में जसलीन रॉयल के नवीनतम संगीत वीडियो दस्तूर में दिखाई देने वाली अभिनेत्री आकांशा रंजन ने कहा कि नीना गुप्ता की उपस्थिति में उनकी बेटी का किरदार निभाना अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक था। गाने में बाबिल खान, जसलीन रॉयल के साथ जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता शामिल हैं, साथ ही आकांशा ने इस समूह में अपनी आकर्षक उपस्थिति दर्ज कराई है। आकांशा ने कहा, जैकी सर ने सेट पर हंसी ला दी, उनकी चंचल हरकतें सभी के चेहरे पर मुस्कान ला देती है। नीना आंटी की मौजूदगी में उनकी बेटी का किरदार निभाना अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक था। वह मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है और मेरे जीवन में एक प्रिय व्यक्ति रही है। संगीत वीडियो में एक जोड़े (जसलीन रॉयल और बाबिल खान द्वारा अभिनीत) की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है, जो समाज द्वारा विवश है। इसमें आकांशा रंजन कपूर ने नीना गुप्ता की बेटी का किरदार निभाया है। गाने और जसलीन रॉयल के साथ अपने सहयोग के बारे में बात करते हुए आकांशा रंजन कपूर ने साझा किया, मैंने इस गाने को नीना मैम, जैकी सर और जसलीन के साथ फिल्माया। यह मड आइलैंड में एक आनंदमय एक दिवसीय शूट था, जिसमें आनंद के अलावा कुछ नहीं था। इसके अंत तक हर कोई सकारात्मक भावनाओं से ओत-प्रोत होकर गीत गुनगुना रहा था और उस पर झूम रहा था। उन्होंने कहा, नीना आंटी और जैकी सर के बीच के मार्मिक क्षण का साक्षी बनना, जहां उन्होंने धीरे से उनकी आंखों में काजल लगाया, हर किसी की आंखों में आंसू आ गए, यह वास्तव में खूबसूरत पल था। जसलीन ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। आकांशा रंजन कपूर सीवी कुमार की बहुप्रतीक्षित निर्देशित फिल्म मायावन में संदीप किशन के साथ तेलुगु उद्योग में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## नंदमुरी कल्याणराम मूवी डेविल का गाना धूरामे थेरामाई जारी

अपने पूरे करियर में अपनी विशिष्ट स्क्रिप्ट पसंद के लिए प्रसिद्ध, नंदमुरी कल्याणराम अपने नवीनतम उद्यम, डेविल के साथ एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। प्रतिभाशाली अभिषेक नामा द्वारा निर्देशित और निर्मित, यह फिल्म, जिसे द ब्रिटिश सीक्रेट एजेंट के रूप में जाना जाता है, उत्सुकता से प्रतीक्षित है और 29 दिसंबर को नाटकीय रिलीज के लिए निर्धारित है।

उत्साह को बढ़ाते हुए, फिल्म निर्माताओं ने आज धूरामे थीरमई के लिए गीतात्मक वीडियो का अनावरण किया, जो दर्शकों को एक उत्कृष्ट धुन से रूबरू कराता है जो उन्हें भावनाओं के दायरे में ले जाता है। मंत्रमुग्ध कर देने वाली रचना में एनिमल में अपने काम के लिए जाने जाने वाले हर्षवर्द्धन रामेश्वर की मखमली आवाज है, और इसे समीरा भारद्वाज द्वारा लिखे गए मार्मिक गीतों से पूरित किया गया है, जिन्होंने न केवल सुंदर छंद लिखे, बल्कि गीत को अपनी आवाज भी दी। गाने के साथ आने वाले सिम्फोनिक दृश्य रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं, जो दर्शकों के लिए एक संवेदी आनंद का वादा करते हैं।




जो चीज़ डेविल को अलग करती है, वह न केवल इसकी संगीत प्रतिभा है, बल्कि कल्याणराम और संयुक्ता के बीच की आकर्षक ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री भी है। हाल ही में रिलीज़ हुआ ट्रेलर एक झलक प्रदान करता है जो एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करता है, जो प्रत्याशा को बढ़ाता है जो पहले से ही एल्बम के दो गानों के सकारात्मक स्वागत से प्रेरित है।

पर्दे के पीछे, फिल्म शानदार तकनीकी विशेषज्ञता का दावा करती है, जिसमें साउंडार राजन.एस सिनेमैटोग्राफी संभालते हैं और तम्मीराजू संपादन का प्रभार संभालते हैं। श्रीकांत विस्सा के नेतृत्व वाली प्रतिभाशाली टीम की कथात्मक क्षमता जटिल रूप से तैयार की गई कहानी, पटकथा और संवादों में स्पष्ट है, जो यह सुनिश्चित करती है कि डेविल सिर्फ एक दृश्य तमाशा से कहीं अधिक है - यह एक सम्मोहक और आकर्षक कहानी कहने का अनुभव है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है, डेविल को लेकर चर्चा बढ़ती जा रही है, दर्शक इस सिनेमाई चमत्कार को बड़े पर्दे पर देखने के अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी अनूठी कहानी, दिल को छू लेने वाले संगीत और शानदार प्रदर्शन के साथ, डेविल फिल्म देखने वालों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

## विक्की कौशल की सैम बहादुर ने पार किया 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

विक्की कौशल, फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा जैसे सितारों से सजी फिल्म सैम बहादुर 1 दिसंबर को रणबीर कपूर की एनिमल के साथ रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है।सैम बहादुर को शुरुआत से दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और रिलीज के तीसरे सप्ताह में भी फिल्म की पकड़ बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है।घटती कमाई के बावजूद सैम बहादुर ने 80 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। अब सैम बहादुर की कमाई के 20वें दिन का आंकड़े सामने आ चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे बुधवार 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 81.20 करोड़ रुपये हो गया है।सैम बहादुर दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर चुकी है।इससे पहले उनकी फिल्म राजी, उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक और जरा हटके जरा बचके ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूआ था। सैम बहादुर में सान्या मल्होत्रा भी हैं, जो अभिनेता की पत्नी सिल्लू मानेकशॉ बनी हैं।इसमें फातिमा सना शेख ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है।सैम बहादुर की कहानी भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है।

## येलो साड़ी में शनाया कपूर ने ढाया कहर एक्ट्रेस ने दिए एक से बढ़कर एक किलर पोज



बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर की लाडली शनाया कपूर पिछले कुछ समय से अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं. एक्ट्रेस पेन इंडिया फिल्म से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं. वहीं, शनाया ने भी सोशल मीडिया के जरिए पहले ही लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाने में कामयाब होती दिख रही हैं. एक्ट्रेस आए दिन अपने फोटोशूट से लोगों को दीवाना बनाती रहती हैं. शनाया कपूर ने अभी तक बॉलीवुड में डेब्यू नहीं किया है. उससे पहले ही उनकी फैन फोलोइंगि काफी तगड़ी हो गई है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस लगभग 2 मिलियन लोग फोलो करते हैं. वहीं शनाया भी अपने चाहने वालों को निराश नहीं करती है और अपने फोटोज और वीडियोज उनके साथ शेयर करती रहती हैं. एक बार फिर शनाया कपूर ने कुछ ऐसा ही किया है. उन्होंने अपना नया फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर हर किसी का दिल जीत लिया. तस्वीरों में शनाया कपूर पीली शीफॉन साड़ी में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की साड़ी में नीले रंग के प्रिंट है. वहीं उन्होंने इसके साथ स्टाइशिल सितारों से जड़ा ब्लाउज कैरी किया है. सोशल मीडिया पर फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं. शनाया के लुक ने इंटरनेट का पार हाई कर दिया है. एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं. फैंस को भी उनका ये अंदाज बेहद पसंद आ रहा है. तभी तो जरा सी देर में फोटोज पर लाइक्स और कमेंट की बाढ़ सी आ गई है.

## अदीवी सेष-श्रुति हासन स्टारर पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा का टाइटल रिलीज, सामने आया डकैत का टीजर

यह बंदूकों और गुलाबों का विस्फोट, विश्वासघात, विश्वास, और सबसे ऊपर प्यार। ये सारे इमोशन आपको देखने को मिलेंगे अदिवी सेष और श्रुति हासन अभिनीत मेगा पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा में जिसके निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल डकैत अनाउंस कर दिया है। एक नए पोस्टर के साथ घोषणा की गई है और एक अनोखे घोषणा टीजर को शेयर किया गया है। जिसमें अदिवी सेष और श्रुति हासन पूरी ताकत दिखाते नजर आ रहे हैं क्योंकि वे एक हाई-ऑक्टेन फेस-ऑफ के लिए अपना रास्ता बना रहे हैं जो माहौल सेट करने वाला है। फिल्म दर्शकों को डेकोइट की गंभीर और गहन दुनिया से परिचित कराती है। अन्नपूर्णा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण सुप्रिया यारलागड्डा द्वारा किया गया है। इसे हिंदी और तेलुगु में एक साथ शूट किया जा रहा है। डकैत का मुख्य शीर्षक अदिवी सेष और श्रुति हासन हैं और इसे दो पूर्व प्रेमियों की एक मनोरंजक कहानी के रूप में पेश किया गया है, जिन्हें अपने जीवन को बदलने के लिए डकैतियों को अंजाम देने के लिए एकजुट होना होगा। यह शेनिल देव की फीचर निर्देशन की पहली फिल्म है।

अदिवी सेष ने कहा कि डेकोइट एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए शेनिल देव की प्रशंसा की जिसे दर्शकों ने बड़े पर्दे पर कभी नहीं देखा है। अदिवी सेष और शेनिल देव ने फिल्म की कहानी और पटकथा भी लिखी है।

अदिवी ने कहा कि शैनिल देव के पास एक बिल्कुल शानदार दृष्टिकोण है। यह भव्य हुए बिना भी भव्य है और ऊंचे हुए बिना भी सुरुचिपूर्ण है। स्क्रिप्ट की एक बहुत ही देहाती प्रकृति की है। इसे गांवों और कस्बों के भीतरी इलाकों में मौजूद पात्रों के साथ सुंदर तरीके से बनाया गया है। अदिवी सेष ने एक बयान में कहा कि यह फिल्म एक शानदार ब्लास्ट करने के लिए बनाई गई है। मुझे लगता है कि डकैत लोगों के दिलों में विस्फोट करने जा रही है। यह फिल्म 2022 में प्रशंसित मेजर के बाद अदिवी सेष की लगातार दूसरी हिंदी फिल्म है। डकैत को एक दुर्लभ कहानी कहते हुए, श्रुति हासन ने कहा कि कहानी गुस्से, जुनून और लालित्य से भरी है। मैं डकैत का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। क्षणम और गुडाचारी सहित कई तेलुगु ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए फोटोग्राफी के निदेशक के रूप में काम करने के बाद, शेनिल देव ने कहा कि डकैत एक निर्देशक के रूप में शुरुआत करने के लिए एकदम सही फिल्म थी।

निर्देशक का कहना है कि डकैत एक धड़कते दिल के साथ एक शानदार एक्शन ड्रामा है। फिल्म की कहानी इस तरह के कैनवास की मांग करती है, जो कि जड़दार, किरकिरा फिर भी अच्छी तरह से स्थापित और स्टाइलिश हो। फिल्म का टीजर उस विशाल दुनिया की एक छोटी सी झलक मात्र है। दो बेहतरीन सितारों अदिवी और श्रुति को निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक अविश्वसनीय सहयोग होने जा रहा है। डकैत के सह-निर्माता सुनील नारंग हैं। फिल्म जल्द ही फ्लोर पर आने वाली है।



## शब्द सामर्थ्य -281

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## प्रभास की सालार का दूसरा गाना किस्सों में जारी, दिल छू लेंगे बोल



पिछले काफी समय से साउथ के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सालार चर्चा में है।यह फिल्म इसलिए भी सुर्खियां बटोर रही है क्योंकि इसके निर्देशन की कमान प्रशांत नील ने संभाली है, जो केजीएफ जैसी सुपरहिट फ्रैंचाइजी दर्शकों के बीच पेश कर चुके हैं। सालार आज 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब इससे पहले निर्माताओं ने सूरज ही छांव बनके के बाद फिल्म का दूसरा गाना किस्सों में में जारी कर दिया है। सालार का गाना किस्सों में हिंदी समेत कई भाषाओं में रिलीज किया गया है। इस गाने के बोल रिया मुखर्जी ने लिखे हैं, जो बहुत खूबसरत हैं।इस गाने को तीर्थसुभाष, वेधा लक्ष्मी, रितुवीना राजेश, हरिचंदन अनीश, देवना सीके, नक्षत्र मनोज और अनुष्का सरीश ने मिलकर गाया है। गाने के लिए संगीत रवि बसरूर ने तैयार किया है।सालार में पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगतपति बाबू भी हैं।यह फिल्म तेलुगु, मलयालम, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी। रिलीज से एक हफ्ते पहले फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है. एडवांस बुकिंग में फिल्म धांसू कलेक्शन कर रही है. सालार से एक दिन पहले शाहरुख खान की फिल्म डंकी रिलीज हो चुकी है. ऐसे में दोनों फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखी जा रही थी लेकिन अब सालार डंकी को पछाड़कर बहुत आगे निकल गई है. सालार ने एडवांस बुकिंग में डंकी को मात दे दी है. फिल्म ने लगभग डंकी से दोगुना कमाई करके ये संकेत दे दिए हैं कि ये बॉक्स ऑफिस पर ग्रैंड ओपनिंग करने वाली है.

# आम लोगों की समस्या को दूर करने सहित अवैध शराब, जुआ सट्टे को तत्काल रोकें : मुख्यमंत्री

**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्रीगण अरूण साव, विजय शर्मा की अध्यक्षता में आज सभी जिला कलेक्टर, स्वास्थ्य अधिकारियों से वीडियो कॉन्फरेंसिंग के माध्यम से देश में बढ़ रहे कोरोना को लेकर विचार विमर्श एवं दिशा निर्देश जारी किए गए।

वीडियो कॉन्फरेंसिंग में सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में कानूना व्यवस्था का पालन उचित स्तर पर हो। साथ ही अवैध रूप से संचालित शराब, जुआ, सट्टा तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री गण अरुण साव एवं विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज हो। साथ ही ग्रामीणों व आम लोगों के कामों को शीघ्र किया जाए, किसी भी तरह का हीलाहवाला न हो। विष्णुदेव साय ने 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाने के निर्देश दिए। सभी गांवों में स्थापित अटल चौक को रंग रोगन किया जाए तथा साफ सफाई बेहतर तरीके से करने के निर्देश भी दिए गए। श्री साय ने मुख्य सचिव तथा कलेक्टरों से कहा कि अपने



मातहत राजस्व अधिकारियों को निर्देश करें कि किसानों के नामांतरण, बटांकन, सीमांकन जैसे कार्य अब जल्दी से हो, इस पर तत्काल अमल करने के निर्देश दिए गए। इसी दिन किसानों को वर्ष 2014 15 एवं 2015 16 का बकाया धान का बोनस राशि वितरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले ने वीडियो कॉन्फरेंसिंग में बताया कि देश में लगातार कोरोना के प्रभाव बढ़ रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रदेश के जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कोरिया में कोरोना को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी की हुई है। ई.सीटी.एच. कंचनपुर, एसईसीएल अस्पताल चरचा, जिला अस्पताल बैकुंठपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना तथा सोनहत में मरीजों के लिए 169 बिस्तर का अस्पताल है, वहीं आईसीयू 41 है, ऑक्सीजन युक्त बिस्तर 79, सामान्य बिस्तर 41 बच्चों के लिए आईसीयू 25, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर 78 तथा पाइप लाइन 103 है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेंगर उपस्थित थे।

## युवक से मारपीट

**रायपुर।** बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह में मामूली बात पर तीन लड़कों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विशाल तांडी 24 वर्ष बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह का रहने वाला है।

# डेढ़ साल में निपट गए एल्डरमैन

### शिवपुर चर्चा में 5 साल की अवधि में दो बार बनाए गए एल्डरमैन

**चरचा कालरी।** विशेष सचिव छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 22 दिसंबर 2023 को आदेश जारी कर प्रदेश के नगरीय निकायों में मनोनीत समस्त एल्डरमैन की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई।

नगर पालिका शिवपुर चर्चा में स्थानीय कांग्रेसी विधायक श्रीमती अंबिका सिंह देव के द्वारा अपने कार्यकाल के प्रारंभ में अपने चहेते पांच एल्डरमैन की नियुक्ति की गई थी इन एल्डरमैनो को लगभग 3 साल तक कार्य करने का अवसर मिला लेकिन इसके पश्चात सूत्रों के अनुसार पूर्व में नियुक्त किए गए पांचों कांग्रेसी एल्डरमैन को दबाव देकर हटाया गया और उनकी जगह लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व सत्यनारायण मोदी, मोहम्मद एजाज, अनिल सिंह, श्रीमती एन.पी .मिश्रा, श्रीमती त्रिवेणी कुर्रे को एल्डरमैन नियुक्त किया गया इन नवनियुक्त एल्डर मैंनों को यह उम्मीद थी कि वह लंबे समय तक अपने पद पर बने रहेंगे किंतु विधायक अंबिका सिंह देव के हारने व प्रदेश में कांग्रेसी सत्ता के जाने के साथ उनके सपने अधूरे रह गए और अल्प समय में ही नगरीय प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के आदेश की वजह से तत्काल प्रभाव से नगरीय निकाय से बेदखल हो गए संभवत प्रदेश में सबसे



कम समय के एल्डरमैन का रिकॉर्ड कोरिया जिले के नगरीय निकायों को मिलेगा विदित हो कि प्रदेश के समस्त नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में कांग्रेसी शासनकाल में भूपेश सरकार द्वारा लगभग 12 00 एल्डरमैन की नियुक्ति की गई थी राज्य शासन द्वारा 22 नवंबर दिसंबर को जारी आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि नामांकित पार्षद के रूप में (एल्डरमैन एवं दिव्यांग मनोनीत सदस्य )की गई नियुक्ति राज्य शासन एतत् द्वारा तत्काल प्रभाव से समाप्त करता है आदेश के पश्चात उनकी जगह अब प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा मनोनीत सदस्यों की नियुक्तियां की जाएगी

# सांसदों को निलंबित करने के विरोध में धरना प्रदर्शन



**कोरिया बैकुंठपुर।** केंद्र सरकार की द्वेष पूर्ण कार्रवाई करने एवं सांसदों को निलंबित करने के विरोध में 22.12.2023. दिन शुक्रवार को धरना प्रदर्शन दिया गया। केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला करते हुए संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के 143 सांसदों को निलंबित कर दिया है। इसके विरोध में सांसदों के निलंबन और हमारे लोकतांत्रिक आधार पर गंभीर हमले का पुज़ोर विरोध करते हुए राजीव भवन के समक्ष 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक धरना प्रदर्शन करते किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में धरना देते हुए पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नजीर अजहर, वरिष्ठ कांग्रेसी बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, प्रवीर भट्टाचार्य, अशोक जायसवाल, बिहारी राजवाड़े, भूपेंद्र यादव, रियाजउद्दीन, साहेब सिंह काकू, एवं जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेसी एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत और जिम्मेदारी से किया हर काम सफल होता है:एसपी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय, कोरिया द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्य में बेहतर योगदान के लिए करीब 150 अधिकारियों कर्मचारियों का सम्मान के साथ प्रशास्ति-पत्र प्रदान किया गया।

विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत आचार संहिता प्रभावशील होने के पश्चात् जिले में निर्वाचन दायित्वों को बेहद जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने वाले अधिकारियों- कर्मचारियों सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी मास्टर ट्रेनर्स, माइक्रो ऑब्जरवर्स तथा छोटे से लेकर बड़े कार्यों में निर्वाचन कार्यों में सहयोग करने वाले कर्मचारियों के प्रति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने आभार प्रकट करने के साथ ही उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि सभी ने बड़ी मेहनत से काम किया है और निष्पक्षता तथा पारदर्शिता को भी बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाई। सबसे बड़ी चीज इस चुनाव में टीम वर्क रहा। टीम वर्क के कारण ही कोरिया में शांति के साथ सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न हो पाया। उन्होंने सभी कर्मियों से आने वाले निर्वाचन में भी इसी टीम वर्क के साथ काम करने का आव्हान



किया। प्रशस्ति पत्र प्रदान के पश्चात त्रिलोक बंसल ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन कार्य में कड़ी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन पूरा किया है। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह से आगामी चुनाव में भी सहयोग प्रदान करेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने जिस लगन से प्रशिक्षण प्राप्त किए और बहुत ही गंभीरता के साथ सौंपे गए जवाबदेही को पूरा किए इसी कारण कोरिया में निर्वाचन बहुत ही शांतिपूर्वक ढंग व सफल पूर्वक चुनाव सम्पन्न हुए। सोनहत विकासखण्ड के आनंदपुर में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिला निर्वाचन कार्यालय एवं अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, श्रीमती नंदिनी साहू, संयुक्त कलेक्टर नीलम टोप्पो, श्रीमती अंकिता सोम, डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार साहू ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल को स्मृति चिन्ह भेंट भी किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरिया जिले में निर्वाचन कार्य के सफलतापूर्वक संपन्न होने और आचार संहिता के दौरान जिले के सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक सहित सोशल मीडिया द्वारा सकारात्मक माहौल बनाए रखने तथा जिला प्रशासन के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने में मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 26 दिसम्बर को मनाया जाएगा वीर बाल दिवस



**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में जानकारी दी कि 26 दिसम्बर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटों, 'साहिबजादे' के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह चारों बालक मुगलों के हाथों शहीद हो गए थे। इसी की याद वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश व महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से 22 से 26 दिसंबर 2023 तक वीर बाल दिवस मनाया जाना है। जिसके अंतर्गत स्कूल, बालगृह, कॉलेजों में बहादुरी के विषय पर चित्रकला, पठन, गायन, कविता, निबंध गतिविधियों का आयोजन कराया जाना है। आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बैकुंठपुर, शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर तथा बालगृह (बालक) बैकुंठपुर में वीर बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला, पठन, गायन, कविता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं एवं किशोरों में देश वासियों, महिलाओं एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए योगदान एवं मूल्यों को स्थापित करना और सुदृढ़ बनाना है विशेषकर स्वतंत्रता सेनानियों एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरष्कार से पुरूष्कृत पूर्व विजेताओं के अनुभवों को साझा करना है।

## दुकान से धान चोरी मामले में चौकी खड़गवां पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम मानपुर खड़गवां निवासी सुदामा गिरी ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 दिसम्बर की रात्रि में मानपुर स्थित अपने किराना दुकान बंद करके अपने घर चला गया था सुबह दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान के कराकट शीट टूटा था अंदर जाकर देखा तो 40 बोरी धान को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। चौकी खड़गवां की पुलिस ने अज्ञात चोर की पतासाजी गहनता से करने के दौरान मुखबीर की सूचना पर नारद सिंह पिता संग्राम सिंह उम्र 22 वर्ष ग्राम मानपुर को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी अजीत गुप्ता पिता शिवकुमार गुप्ता उम्र 26 वर्ष के साथ मिलकर धान चोरी कर पिकअप वाहन में लोड़ कर ले गए और अपने हिस्से की धान से 15 हजार रूपये का नया मोबाईल खरीदी किया है। जिसके बाद पुलिस ने अजीत गुप्ता को दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 20 बोरी धान, मोबाईल, पिकअप वाहन जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां बृजकिशोर पाण्डेय, एएसआई कृष्ण कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक मनोज राय, अनिल एक्का व राकेश सिदार सक्रिय रहे।

## ससुर की हत्या करने वाला दामाद गिरफ्तार

**राजपुर।** ग्राम परसागुड़ी में ससुर की हत्या करने वाले दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने बताया कि बीते 21 दिसंबर 2023 को जगदेव यादव (30) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि भोर में इसके पिता केन्दवा यादव ने पानी पीने के बाद उल्टी किया और थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई। तब पता चला कि बीते 19 दिसंबर को मृतक केन्दवा कहीं से शराब पीकर आया था। घर में दामाद रामबकस के साथ विवाद हुआ था।जिस कारण रामबकस ने केन्दवा को जमीन में पटक मारपीट की थी। जिससे केंदवा को अंदरुनी चोट लगा था।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के विभिन्न आयु वर्ग में 145 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ फ्लैट रेस, बनाना रेस, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबीकूद, ऊंची कूद, रस्सी कूद आदि विविध स्पर्धाओं में भाग लिया। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय तिवारी थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ममता तिवारी अध्यक्षा, शिवानी महिला मंडल बिश्रामपुर समेत अन्य अतिथियों में शुभा पाठक सहित जेसीसी वेलफेयर के सदस्य उपस्थित थे। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने क्रीड़ा ध्वजारोहण के बाद मशाल प्रज्ज्वलित कर किया।

## न्यायालय का आदेश नहीं मानने पर कार्यालय सील

**मनेंद्रगढ़।** गुरुवार को उपभोक्ता न्यायालय बैकुंठपुर के द्वारा जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में स्थित बीमा कंपनी का कार्यालय सील किया। पेंड्रा में खड़ी ट्रक में अचानक आग लगने पर बीमा कंपनी ने क्लेम नहीं दिया। प्रार्थी सुखविंदर सिंह भामरा ने जिले की उपभोक्ता अदालत बैकुंठपुर में मामला प्रस्तुत किया। इसमें आयोग ने 6 माह में प्रार्थी के पक्ष में आदेश पारित कर ओरिजनल जनरल इंश्योरेंस मनेंद्रगढ़ कार्यालय को 25 लाख 92 हजार की राशि अदा करने का फैसला सुनाया।

## गर्लफ्रेंड के चक्कर में रायपुर में हुआ था गोलीकांड

**रायपुर।** लाभांडी में हुए गोलीकांड का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा किया। नल कारोबाररी संदीप जैन की हत्या की साजिश रचने वाले मास्टर माइंड समेत पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की सुपारी देने वाला ओडिशा का ट्रांसपोर्टर सुनील केडिया है। जिसने रायपुर के कारोबारी को रास्ते से हटाने के लिए सुपारी दी थी। सुनील केडिया की दिल्ली की एक गर्लफ्रेंड थी। जिसे सुनील केडिया ने दिल्ली के द्वारिका में एक फ्लैट खरीदकर दिया था। इसी दौरान ट्रांसपोर्टर सुनील केडिया को पता चला कि युवती की दोस्ती पहले से रायपुर निवासी संदीप जैन से है। जिसको लेकर सुनील केडिया नाराज रहता था। युवती से उसका अक्सर झगड़ा होता था।अपने बॉयफ्रेंड की हरकत को देखकर युवती ने ट्रांसपोर्टर सुनील केडिया का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया था। इसके बाद से ही वह काफी परेशान रहता था और दूसरे नंबर से अपनी गर्लफ्रेंड से बात करने की कोशिश करता था। इसी बीच ट्रांसपोर्टर केडिया को जानकारी मिली कि उसकी गर्लफ्रेंड रायपुर के कारोबारी संदीप जैन से बात करती है। इससे नाराज होकर उसने अपने स्टाफ के साथ मिलकर कारोबारी की हत्या करने की साजिश रची।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित कमल होटल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसर मृतक मनीष वंशकार 38 वर्ष आरएमएस कालोनी कोतवाली का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी बोरियाखुर्द स्थित कमल होटल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ड्रायवर कार लेकर हुआ फरार, अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज

**रायपुर।** एक युवक ने दो अलग-अलग व्यक्तियों के यहां ड्रायवरी कर दोनों घर से स्विफ्ट एवं क्रेटा कार लेकर फरार हो गया। दोनों ही मामलों में पीड़ित की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जानकी नगर बोरियाखुर्द निवासी प्रार्थी शुभम सरकार 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राहुल रंजन प्रार्थी का पूर्व परिचित ड्रायवर है। आरोपी ने 12 से 17 दिसंबर के मध्य प्रार्थी के स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 04 पीएल 2452 को लेकर फरार हो गया। वहीं दूसरे मामले में शक्तिनगर खम्हारडीह निवासी प्रार्थी शुभम देवागंन 22 वर्ष ने थाना में शिकायम किया आरोपी राहुल रंजन उसका पूर्व परिचित ड्रायवर है। आरोपी ने प्रार्थी के क्रेटा कार क्रमांक सीजी 04 एनजेड 7111 को लेकर फरार हो गया। दोनों ही मामलों में माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 407 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 193 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब एवं बिक्री रकम जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस की टीम ने अमर प्रोविजन स्टोर के पास पुराना बस स्टेण्ड में अवैध शराब बेचते आरोपी सैयद नासीर अली 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# विक्षोभ सक्रिय फिर भी ठंड से ज्यादा राहत की संभावना कम

**अंबिकापुर।** दिसंबर के अंतिम दिनों में पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ इन दिनों सक्रिय है लेकिन इससे न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि होगी लेकिन तापमान के 10 डिग्री से ज्यादा नहीं जाने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अगले दो तीन दिनों तक बादलों की सक्रियता बढ़ने के साथ हवा की दिशा दक्षिणी होने के कारण तापमान में उतार चढ़ाव होने की संभावना व्यक्त की है।

इस बीच शुक्रवार को अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान सात डिग्री से नीचे रहा। पिछले कुछ दिनों से उत्तरी छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर की सर्द हवा चलने से दिन में भी लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिल रही है। न्यूनतम तापमान पांच डिग्री के करीब पहुंच गया है। हालांकि विक्षोभ के प्रभाव के कारण पिछले दो दिनों से न्यूनतम तापमान सात डिग्री के आसपास बना हुआ है।साल के अंतिम दिनों में पड़ेगी कड़ाके की ठंड- वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में 26 दिसंबर तक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव रहने से तापमान आठ व नौ डिग्री के बीच रह सकता है। विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद हवा की दिशा के उत्तरी हो जाएगी। इस दौरान शीतलहर और कोहरा छाने से न्यूनतम तापमान में फिर से तगड़ी गिरावट होने की संभावना



है। इस बीच दिसंबर के आखिरी दिनों एवं जनवरी के प्रथम सप्ताह में एक और विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे भी आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। इस दौरान तापमान के पांच डिग्री से नीचे जाने की भी संभावना है। बढ़ती ठंड के बीच जिला प्रशासन द्वारा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी चौक-चौराहों में आमजनों की सुविधा हेतु अलाव जलाने की निरन्तर व्यवस्था की जा रही है। नगरीय क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अलाव की व्यवस्था के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार ने आदेश जारी कर नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत में अलाव की व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इस कार्य में राजकुमार साहू के नेतृत्व में निगम के कर्मचारी कृष्णा राम, बाबुलाल, नार सिंह, ओमप्रकाश, शिवमंगल राम, गुलाम रसुल, बजरंग श्रीवास, जगदम्बा, दीनु राम लगातार सक्रिय हैं। कलेक्टर कुंदन कुमार ने लोगों को अलाव जलाकर ठंड से बचने एवं गर्म कपड़े पहनने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि लकड़ी की खपत को कम करने के लिए गोबर से बने उपले और गोबर लकड़ी का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा है कि इस बदलते मौसम में थोड़ी सावधानी बरतें अपने व स्वजनों की सेहत का विशेष ध्यान रखे।

# दुकान व गोदाम में दबिश 1532 बोरी अवैध धान जब्त

**लखनपुर।** जिले में अवैध धान खरीदी बिक्री पर प्रशासनिक टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को खाद्य विभाग, मंडी विभाग तथा नागरिक आपूर्ति निगम की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड लखनपुर के ग्राम डुमरघाट के ग्राम पंचायत कुन्नी के दुकानों में जांच की। गोपनीय माध्यम से सूचना मिलने पर जांच के दौरान संतोष यादव के किराना दुकान एवं गोदाम में अवैध रूप से संग्रहित 432 बोरी धान पाया गया जिसका वजन 172 क्विंटल धान था। टीम द्वारा व्यापारी से आवश्यक दस्तावेज की मांग किए जाने पर, धान से सम्बन्धित किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं दिखाया गया। धान को अवैध मानते हुए मंडी अधिनियम के तहत धान जब्त कर लिया गया। अवैध धान जब्ती की दूसरी कार्रवाई ग्राम कोटेया में की गई। नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्राम कोटेया में निवासी मुकेश गुप्ता के दुकान और घर से 1100 बोरी धान अवैध रूप से भंडारित पाया गया। जब्त धान की मात्रा 444 क्विंटल है। धान जब्त कर सरपंच को सुपुर्द किया गया। मौके पर पटवारी, सरपंच और कोटवार उपस्थित थे। जिला खाद्य अधिकारी के अनुसार अब तक प्रशासनिक टीम ने विभिन्न कार्रवाइयों में लगभग 16 सौ क्विंटल धान जब्त किया गया है।



# अर्जित भूमि पर अतिक्रमण पुन:स्थापन से पहले सर्वे

### वादे पर अमल नहीं होने से बनी है समस्याएं



**कोरबा।** अतीत में वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड के लिए अर्जित की गई कोरबा नगर के नजदीकी इलाके की जमीन को लेकर अब अगली कार्रवाई करने को लेकर प्रक्रियाएं तेज हो गई है। ये इलाके दादर खुर्द, भिलाई खुर्द और आसपास में है। एक दिन पहले प्रशासन और एसईसीएल के अधिकारी यहां पहुंचे थे। ग्रामीणों ने सर्वे की जानकारी मिलने पर इसका विरोध किया था। दावा किया जा रहा है कि यह जमीन वर्षों पहले से अर्जित की गई है, जिस पर वर्तमान में अतिक्रमण है।

कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ इस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड अभी की स्थिति में कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर उपक्षेत्र में काम कर रही है। जानकारी के मुताबिक मानिकपुर खदान का विस्तार किया जाना काफी समय से प्रस्तावित है। इससे पहले दो अवसर पर रापाखर्रा और कंचदा नाला क्षेत्र में विस्तार की कार्रवाई की जा चुकी है। अनुसंधान के स्तर पर एमईसीएल बहुत पहले इस बात का पता लगा चुकी है। खदान के आगे के कितने हिस्से में कोयला का भंडार है और उसका विदोहन आगामी कितने वर्षों तक आसानी से किया जा सकता है। उक्तानुसार रिपोर्ट आगे दी गई है। खबर के मुताबिक 1960 के दशक में तात्कालीन कोयला कंपनी के पक्ष में दादरखुर्द और आसपास के इलाके की जमीन का अर्जन सरकारी तौर पर किया गया था, लेकिन मौके से विस्थापन और अन्य संबंधित कार्रवाई नहीं की गई थी। अब जब मानिकपुर खदान का विस्तार करना प्रासंगिक हो गया है, तब एसईसीएल और प्रशासन के अधिकारी सक्रिय हुए है। इसी कड़ी में एक टीम ने शुक्रवार को संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर दशक पहले अर्जित जमीन के बारे में लोगों को जानकारी दी और अगली कार्रवाई से पूर्व सर्वे किये जाने को लेकर अवगत कराया। इसके साथ ही स्थानीय लोग जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, सर्वे का विरोध किया। उन्होंने इसके लिए कई तर्क रखे और इस तरह की कार्रवाई पर नाराजगी जतायी। मुख्य रूप से रोजगार और दूसरे मसले केन्द्र में थे। कहा गया कि उनकी पूर्ति के बिना कोई काम नहीं होने दिया जाएगा।

### *इसलिए जरूरी है सर्वे*

*तकनीकि तौर पर संबंधित क्षेत्र की जमीन पूर्व से अर्जित है और उस पर लोगों का अतिक्रमण है। योजना के अंतर्गत संबंधित क्षेत्र के लोगों को रिसेटल करना है। इसी के तहत यहां का सर्वे कराया जा रहा है। लोगों का विरोध इस बात*

## एनसीसी कैंप में बच्चों को बताया गया वन्य जीव संरक्षण का महत्व



**कोरबा।** शासकीय पीजी कॉलेज में एनसीसी कैंप लगाया गया हैं जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, कोरिया, सरगुजा, सूरजपुर एवं बिलासपुर जिलों से बड़ी संख्या में बच्चे पहुंचे हैं। एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर की आग्रह पर नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी ने कैंप में उपस्थित 350 से ज्यादा कैडेट्स, उनके पीआई के साथ जागरूकता कार्यक्रम किया जिसका मुख्य उद्देश्य वनों एवम वन्यजीवों का संरक्षण व संवर्धन हैं।पी जी कॉलेज, कोरबा के ग्राउंड में लगे एनसीसी शिविर में सर्वप्रथम नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी का स्वागत किया। तत्पश्चात् बच्चों को जंगल संरक्षण के महत्व को बताया गया। वन्य जीव और सरीसृप हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उस विषय पर रोशनी डाली। नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी से एम सुरज ने बच्चों को बताया की साप आहार श्रृंखला का हिस्सा हैं और हमारे परिस्तिथिक तंत्र में अहम भूमिका निभाते हैं। इसीलिए इनको बचाना हमारी ज़िम्मेदारी हैं।

जितेंद्र सारथी ने विषहीन और विषैले सांपों की पहचान करना बताया, साथ ही बताया सांप काट लेने पर बिना देरी किए अस्पताल जाना चाहिए। अंत में मयंक बक्शी (बायोलॉजिस्ट) ने सर्प दंश के लक्षण को बताया साथ ही प्राथमिक उपचार भी बताए। सांपों के विषय में टीम ने बताया कोरबा जिला मध्य भारत में किंग कोबरा के लिए जाना जाता हैं और ऐसे दुर्लभ और विलुप्तप्राय जीव को बचाना और संवर्धन करना अत्यधिक जरूरी हैं। बच्चों ने वादा किया कि वे इनका संरक्षण करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे कैंप कैमेंडेड कर्नल पी चौधरी, कैंप कैप्टेन राजेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर डूमर सिंह, अनिता यादव, संजीव जायसवाल, नवीन कुमार, सुनील तिवारी, मनोज सिंह, शिवनारायण सिंह, एम खैरवार, मुकेश रावत,सौरव श्रीवास साथ ही बड़ी संख्या में बच्चें उपस्थित रहें।

## अरहर को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हाथी, ग्रामीणों में आक्रोश



**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के पसान व केंदई रेंज में हाथियों का आतंक खत्म नहीं हो रहा है। यहां बड़ी संख्या में विचरणरत हाथियों द्वारा उत्पात मचाकर ग्रामीणों के खेतों में लगे अरहर की फसल को तहस-नहस किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल में लगभग 50 हाथियों का दल दो अलग-अलग झुडों में घुम रहा है। एक दल में 32 की संख्या में हाथी हैं, जो डिविजन के पसान रेंज में सक्रिय हैं। हाथियों के इस दल द्वारा देवमट्टी के जंगल में डेरा जमाकर लगातार उत्पात मचाया जा रहा है। हाथियों का दल दिन में जंगल में विश्राम करता है और शाम होते ही खेतों में पहुंचकर वहां लगे अरहर फसल को नुकसान पहुंचाता है। हाथियों ने बीती रात देवमट्टी तथा चिकनीपारा में उत्पात मचाते हुए लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामीणों के अरहर फसल को तहस-नहस कर दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर केंदई रेंज के बेलबंधा पहाड़ में भी हाथियों का दल विचरणरत है। इस दल ने भी फसलो को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों द्वारा हाथी समस्या के समाधान की मांग की जा रही है लेकिन अब तक न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और न ही वन विभाग द्वारा इसे गंभीरता से लिया जा रहा है।

## मानदेय का मामला अटका टीचर्स एसोसिएशन ने की पहल



**कोरबा।** विधानसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को मानदेय अब तक अप्राप्त है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने एक बैठक में इस बारे में चर्चा की और जरूरी निर्णय लिये। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। अधिकारी के द्वारा अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे ने निर्वाचन मानदेय भुगतान को लेकर प्रशासन से कार्यवाही करने को कहा है। शिक्षकों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर समस्यायों को निराकृत कराने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पहल किया गया।अलावा बैठक में प्रमुख रूप से आय व्यय की जानकारी,फरवरी माह तक सभी ब्लॉकों में बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार,नव वर्ष मिलन समारोह, कैलेंडर प्रकाशन,शिक्षकों की लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत कराने,ब्लॉक एवं जिला में नववर्ष मिलन समारोह तथा शिक्षक छात्र हित में कार्य करने वाले छै शिक्षकों को छ,ग, टीचर्स एसोसिएशन के नए पदाधिकारी चुना गया जिसमें राजेंद्र नायक जिला उपाध्यक्ष,महेंद्र कुमार निषाद जिला सह सचिव, निर्मला शर्मा संयुक्त सचिव, खुलेश्वर लाल भारद्वाज,ललित पटेल प्रचार सचिव,नंदकिशोर साहू लॉक अध्यक्ष कटघोरा, गुरविंदर कौर को जिला महा सचिव चुना गया।

## साधक परिवार की अमगांव में बैठक

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार की बैठक अमगांव में आयोजित की गई है। इस बैठक में साधना शिविर आयोजित करने पर विचार विमर्श किया जाएगा। खम्मन सिंह कंवर व अशोक कंवर के नेतृत्व में कई जिलों के साधक इस बैठक में शामिल होंगे। गुरुदेव कैलाशचंद्र श्रीमाली की साधना शिविर जैजैपुर में कराने की तैयारी कर रही है जबकि 29 दिसंबर से बिलासपुर में साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस साधना शिविर में कोरबा जिले के सैकड़ों साधक भाग लेंगे।

## जैतखाम पर चढ़ाया जाएगा ध्वज

**कोरबा।** रामपुर बस्ती में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन आज किया गया है। इस मौके पर जैतखाम में ध्वज चढ़ाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा भोग वितरण भी होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए रमा मिरी ने बताया कि रामपुर बस्ती में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग भाग लेते हैं और अपने-अपने विचार भी रखते हैं।

## मंत्री देवांगन का जगह-जगह होगा स्वागत



**कोरबा।** कोरबा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक लखनलाल देवांगन को मंत्रीमंडल में शामिल किये जाने के बाद आज उनका प्रथम नगर आगमन हो रहा है। पाली-कटघोरा मार्ग से होते हुए वे कोरबा आएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। बगदेवा में हरदीबाजार नगर मंडल के चुलेश्वर राठौर, अरूणीश तिवारी, हरीश थरवानी, ज्योति पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ता लखन देवांगन का स्वागत करेंगे। कटघोरा में दीपका व कटघोरा मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। वहां पर धन्नू दुबे, राजेंद्र टंडन, सूर्यप्रकाश शर्मा, नरेश टंडन, उत्तम रंधावा, किशन केशरवानी, जय गर्ग, अनुराग दुहलानी के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। यहां पर मंत्रीमंडल में शामिल किए गए श्याम बिहारी जायसवाल का भी अलग से स्वागत किया जाएगा। लखन देवांगन छुरी, गोपालपुर, एनटीपीसी होते हुए कोरबा आएंगे। उनके स्वागत की तैयारी में महिला मोर्चा की मनोरमा शर्मा, वैशाली रत्नपारखी, पिछड़ा वर्ग भाजपा के माधव जायसवाल, मुकुल कर्ष, भाजपा अजा मोर्चा के सरजू अजय, सुनीता पाटले, सुनील भटपहरे, सुशील गर्ग, डॉ. जय लहरे, विधि प्रकोष्ठ के कृष्णा द्विवदी जुटे हुए हैं। सीएसईबी चौक में कोसाबाड़ी नगर मंडल के अजय विश्वकर्मा, युवा मोर्चा के सुभाष राठौर, प्रीति स्वर्णकार, दीक्षित देवांगन, टीपी नगर में बांकीमोंगरा नगर मंडल के मनीष मिश्रा, लक्ष्मी जगत, लखन राठौर सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता स्वागत करेंगे।



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय एवं महामंत्री राजेश लहरे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें प्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी।

## बाबा जगयासी का निधन



**कोरबा।** सिंधी समाज के भाई बाजा राम दरबार के गादीदार बाबा संत दास जगयासी का निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे तथा पिछले 15 दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार आज मोतीसागर पारा स्थित मुक्तिधाम में पूरे सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

## मंच पर चमकी बच्चों की प्रतिभा, दर्शक मंत्रमुग्ध



**कोरबा।** श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में अपना दो दिवसीय वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया । बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, साथ ही संगीत की मधुर ध्वनियों के साथ अपना रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

प्रथम दिवसीय कार्यक्रम में प्रीप्रायमरी व प्रायमरी तक के छात्र/छात्राओं हेतु आयोजित था । जिसमें नन्हें मुन्नें बच्चों ने अपनी प्रतिभा को मंच से प्रदर्शित किया । कार्यक्रम का शुभारभ माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन जी की पूर्जा अर्चना के साथ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल सभा अध्यक्ष श्री श्रीकांत बुधिया उपस्थित हुए। इस अवसर पर श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीमती शोमा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा वार्षिकोत्सव से बच्चों में एक नई उर्जा का संचार होता है। वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मंच से करते हैं । श्री अग्रसेन शिक्षण समिति स्कूल के अध्यक्ष जयराम बंसल ने मंचीय उद्बोधन में कहा कि आज के समय मे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व विभिन्न कार्यक्रम में भी भाग लेना जरूरी है । इससे बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। आज बच्चों ने अपने अभिभावको के साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर मिलता है मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चो को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। वे अपनी पढाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा इस दिन प्रदर्शित करते हैं । हर माता-पिता अपने बच्चों को आगे बढते हुए देखना चाहते हैं । इस दिन वे अपनी कला का प्रदर्शन कर आगे बढने का प्रयास करते हैं।

द्वितीय दिवस में मिडिल एवं हाई हायर सेकेण्डरी तक छात्र/छात्राओं हेतु आयोजित था। जिसमें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज जी उपस्थित हुए उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि यह स्कूल हर साल नई उँचाइयों को छू रहा है। अग्रसेन विद्यालय अग्रवाल समाज सेवाभावी समाज है। सभी क्षेत्रों में यह अपना योगदान देते हैं । इन्होने शिक्षा के क्षेत्र. में स्कूल से शुरू कर महाविद्यालय तक यात्रा की है। छात्र/छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आगे आना चाहिए। अपनी क्षमता को अन्य क्षेत्रों में भी प्रदर्शित करना चाहिए। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यकम में बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित खेलकूद व अन्य कार्यक्रमों मे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को मंच से सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं के द्वारा राजस्थानी, पंजाबी, कश्मीरी, मराठी, छत्तीसगढ़ी व विभिन्न धुनों पर अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर अभिभावकगण भी अपनी बच्चों की प्रतिभाओं के देखकर विद्यालय की प्रसंशा की। वार्षिकोत्सव की व्यवस्थाओं में छात्र प्रतिनिधियों ने अपने सहपाठियों के बीच अनुशासन बनाए रखने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की । इस अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों के बीच अन्य गतिविधियों में अपना मार्गदर्शन देकर व प्रशिक्षित करा मंच में अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करने में विशेष योगदान दिया। जिसकी अभिभावकों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सचिव शिव अग्रवाल, मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल, श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय के सचिव संजय बुधिया, कोषाध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल, महाविद्यालय प्राचार्य मनोज झा, अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के पूर्व अधक्ष्य छेदीलाल अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती अग्रवाल, सचिव मुकेश गोयल, कोशाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के सदस्य जगदीश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल व अग्रबन्धु उपस्थित रहे।

## कमजोरी को सुधारें वरना हार नहीं छोड़ेगी पीछा : एसपी

### सीएमए एकेडमी ने निखारा किक बाक्सर को

**कोरबा।** कोरबा जिले के की बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने बिलासपुर में आयोजित महिला कैटिगरी की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के साथ सफलता प्राप्त। सीएमए अकादमी कोरबा में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने इन सभी विजेताओं का सम्मान किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में काफी संख्या में खेल संगठन के प्रतिनिधि और खिलाड़ी उपस्थित थे।



लगातार प्रयास और पत्राचार के परिणाम स्वरूप की बॉक्सिंग को खेलो इंडिया अभियान में शामिल करने के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का रास्ता साफ हो गया है। देश के अनेक शहरों में इसके अंतर्गत कार्यक्रम किया जा रहे हैं और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जा रहा है। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन की ओर से खिलाड़ियों को मौके देने के अंतर्गत काम जारी है। बिलासपुर के रेलवे स्टेडियम में हाल में ही एक प्रतियोगिता रखी गई जिसमें काफी संख्या में खिलाड़ियों ने अपनी भागीदारी की और प्रदर्शन से दर्शकों को खुश किया। कोरबा जिले की काफी अच्छी प्रतिभागिता इस आयोजन में रही और खिलाड़ियों ने सफलता प्राप्त की। सीएमए अकादमी कोरबा में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के जितेंद्र शुक्ला के द्वारा मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। अपनी बात रखते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी और कहां की उन्हें अपने जीवन में हार और जीत से बहुत कुछ सीखने के बारे में सोचना होगा। खेल और खेल मैदान में जो कुछ हम सीखते हैं उसे हमारे जीवन में बहुत कुछ सुधार होता है और आगे बढ़ाने के रास्ते प्राप्त होते हैं। कहां की अगर हार और जीत को बराबर सम्मान देंगे तो भविष्य में नए अवसर प्राप्त होंगे। जबकि बेमतलब की गलतफहमी रखने से गलत नतीजे आ सकते हैं। किकबॉक्सिंग संगठन के प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि बिलासपुर में आयोजित प्रतियोगिता में हमारे जिले के 21 खिलाड़ी शामिल हुए थे जिन्होंने 18 मेडल प्राप्त किया और जिले का गौरव बढ़ाया। कोरबा में आयोजित किए गए सम्मान समारोह में किकबॉक्सिंग संगठन के पदाधिकारी आकाश गुरु दीवान सहित अनेक पदाधिकारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

### ये खिलाड़ी हुए सम्मानित

अतिथियों द्वारा लोकिता चौहान, श्रेया शुक्ला, अनु शर्मा, हुफैजा फातिमा, कृति शर्मा, सोनिया शर्मा, रमनदीप कौर, आदित्या पाल, आस्था गुप्ता, पूर्णिमा खूंटे, आन्या पी थानकाचन, दिव्या कर्ष,आराध्या सिंघल, वृंदा अग्रवाल, पूर्णा साहू, हर्षिता यादव, हिमांशी पांडेय, रुत मानिकपुरी, मनीषा सिंह, नाफिया सिद्दीकी, अर्जुन अग्रवाल, अप्रतीम पांडेय,अवनी बिलथरे, कुशाल साहू, विवान अग्रवाल,आशुतोष गुप्ता, स्त्रोत दास मानिकपुरी, रुत यादव, अप्रतिम पांडे, शिवा साहू, पी वेंकट साई उज्वल, पी साई हर्ष,हर्षित शर्मा, शलोक राज राठौर, सौकर्जा साहा टोजो,प्रद्युम गोयल,रजत गोयल,आमीन खान ,मोहमद आरिफ,जगदीश यादव उपस्थित सभी खिलाड़ियों को मेडल, बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com